Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 311 | बुधवार, 12 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## भूटान में बोले पीएम मोदी

# 'दिल्ली धमाके के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, इसकी तह तक जाएंगे'

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली विस्फोट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे एक साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि 'मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी और षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।' भूटान के दो दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया और साथ ही ये भी कहा कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विस्फोट की घटना को साजिश करार दिया। उन्होंने ये भी कहा कि वे बीती रात जांच एजेंसियों के संपर्क में रहे और धमाके से जुड़ी जानकारी लेते रहे। सोमवार शाम दिल्ली में बम धमाका हुआ और पीएम मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह भूटान पहुंचे। यहीं उन्होंने दिल्ली विस्फोट की घटना पर बयान दिया। पीएम मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 'आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।' सोमवार की शाम दिल्ली में लाल किले के नजदीक एक कार में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं। जांच एजेंसियां विस्फोट की जांच में जुटी हैं। शुरूआती जांच में पता चला है कि अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल कर धमाका गया। इससे पहले फरीदाबाद से जांच एजेंसियों ने एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और करीब तीन क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया था। जांच एजेंसियों को शक है कि दिल्ली विस्फोट के तार भी फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं।

**दिल्ली विस्फोट में मृतकों का आंकड़ा 12 तक पहुंचा**



## दिल्ली में पड़ेगी कड़ाके की ठंड या सर्दी के तेवर होंगे नरम

**नई दिल्ली।** भारत में इस बार सर्दी के तेवर तीखे रहने के संकेत मिल रहे हैं। दिसंबर से जनवरी के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से नीचे जा सकता है। इसका प्रमुख कारण ला-नीना जलवायु घटना को माना जा रहा है, जो प्रशांत महासागर में समुद्री सतह के तापमान में गिरावट से बनती है। इसके प्रभाव से ठंडी हवाएं अधिक सक्रिय हो जाती हैं और उत्तर भारत में शीतलहर का असर लंबा च्खचता है।भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) का अनुमान है कि दिसंबर में रात का तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा सकता है।

## बोत्सवाना पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अफ्रीका यात्रा के अंतिम चरण में बोत्सवाना पहुंचीं, जहां उनका 21 तोपों की सलामी के साथ भव्य स्वागत हुआ। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली राजकीय यात्रा है। दौरे में दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे और कालाहारी रेगिस्तान से आठ चीतों को भारत भेजने के समझौते को भी अंतिम रूप दिया जाएगा।

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को अफ्रीका के दो देशों की यात्रा के अंतिम चरण में बोत्सवाना की राजधानी गबोरोने पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की इस देश की पहली राजकीय यात्रा है। राजधानी गाबोरोन के सर सेरेत्से खामा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू का 21 तोपों की सलामी और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ भव्य स्वागत किया गया। बोत्सवाना के राष्ट्रपति डूमा गिडियन बोको ने स्वयं उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू की यह यात्रा उनके दो अफ्रीकी देशों अंगोला और बोत्सवाना के दौरे का हिस्सा है। उन्होंने पहले अंगोला का दौरा किया, जहां उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। मुर्मू की यह यात्रा भारत-बोत्सवाना संबंधों को मजबूत करने और कालाहारी रेगिस्तान से आठ चीतों को भारत लाने के समझौते को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से की जा रही है।

## 14 नवंबर से ईडन गार्डन्स में होगी शुरूआत



**नई दिल्ली।**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज 14 नवंबर से ईडन गार्डन्स में शुरू होगी, जो 2025-27 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की अंकतालिका में शीर्ष स्थान के लिए अहम जंग है। भारतीय टीम हळ्ळ में तीसरे स्थान पर है और घरेलू जमीन पर यह सीरीज जीतकर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी, जबकि चौथे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका भी लॉड्र्स फाइनल की दौड़ में आगे बढ़ने को बेताब है। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है ! और कीमत बहुत सस्ती है टूटे, टेढ़े, ढीले दांत ! भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज की तैयारियां जोरों पर हैं। यह दो मैचों की श्रृंखला 14 नवंबर से कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर शुरू होगी, जहां विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025झ्र27 चक्र में अंक तालिका की शीर्ष पोज़िशन को लेकर जोरदार मुकाबला देखने को मिलेगा। मौजूद जानकारी के अनुसार, दोनों टीमें लॉड्र्स में होने वाले 2027 के फाइनल में जगह बनाने की दिशा में हर एक अंक के लिए संघर्ष करने को तैयार हैं।

## 'दोषियों पर टूटेगा एजेंसियों का कहर'



**नई दिल्ली।** सोमवार को लाल किला के सामने हुए धमाके की जांच एनआईए करेगी। गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से पेश विस्तृत रिपोर्ट के बाद धमाके को आतंकी कृत्य मानते हुए एनआइए को जांच सौंप दिया गया। बैठक के बाद इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि 'इस कृत्य में शामिल हर व्यक्ति हमारी एजेंसियों के कहर का सामना करेगा।' सोमवार को देर रात घायलों से मुलाकात करने के बाद अमित शाह ने मंगलवार पूरे मामले की समीक्षा और तेजी से जांच सुनिश्चित करने के लिए दो उच्च स्तरीय बैठक की। सुबह 11 बजे पहली बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा, एनआइए के महानिदेशक सदानंद वसंत दवे समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। वहीं जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुड़े थे। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने सोमवार के धमाके और उसकी जांच की विस्तृत रिपोर्ट दी, वहीं नलिन प्रभात ने पूरे माड्यूल और अब तक की जांच में मिले तथ्यों से अवगत कराया। जम्मू-कश्मीर, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और दिल्ली जैसे कई राज्यों में फैले नेटवर्क और उसके खतरनाक मंसूबे को देखते हुए पूरे मामले की जांच एनआइए से कराने का फैसला लिया गया।

## महा-गजराज युद्धाभ्यास: भारतमाला एक्सप्रेस वे पर गरजे जगुआर और सुखोई, दुश्मन देशों की उड़ी नींद

**जयपुर।**



भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट राजस्थान के रेगिस्तान में मंगलवार को भारतीय वायुसेना और थल सेना के जवानों ने आतंकवादियों के काल्पनिक ठिकानों और दुश्मन देश की अग्रिम चौकियों पर एक साथ हमला किया। पहले ड्रोन के माध्यम से दुश्मन की काल्पनिक चौकियों एवं आतंकियों के ठिकानों की जानकारी प्राप्त की गई। इसके बाद ड्रोन से घोषणा कर युद्ध क्षेत्र के आसपास के गांवों को खाली करवाया गया। सैनिकों के घायल होते ही रोबोटिक डाग उपचार सामग्री लेकर मौके पर पहुंचे। युद्धाभ्यास त्रिशूल के दौरान दुश्मन पर आसमान और जमीन दोनों तरफ से हमला किया गया। वायुसेना के हेलीकाप्टर ने टी-90 टैंक को कवर फायर देते हुए आगे बढ़ने में सहायता की। थल सेना के जवानों को अत्याधुनिक ड्रोन से हथियारों की आपूर्ति की गई। अभ्यास के दौरान बाड़मेर के गांधव में वायुसेना का महा-गजराज युद्धाभ्यास हुआ। इसके तहत भारतमाला एक्सप्रेस वे 925-ए पर लड़ाकू विमान उतरे। 13 दिन तक चलने वाले युद्धाभ्यास में थल सेना की मैकेनाइज्ड और टैंक रेजीमेंट हिस्सा ले रही हैं। इसका उद्देश्य यह साबित करना है कि सेना रेगिस्तान में किसी भी परिस्थिति में तेजी से दुश्मन के खिलाफ कदम उठाने में सक्षम है। युद्धाभ्यास के दौरान दक्षिणी कमान के जनरल आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने युद्ध क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसका समापन 13 नवंबर को होगा। ड्रोन से दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों की पहचान कर ध्वस्त करने का अभ्यास किया गया। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट राजस्थान के रेगिस्तान में मंगलवार को भारतीय वायुसेना और थल सेना के जवानों ने आतंकवादियों के काल्पनिक ठिकानों और दुश्मन देश की अग्रिम चौकियों पर एक साथ हमला किया।

### दिल्ली व एनसीआर में शामिल राज्यों से मांगा जवाब

## बढ़ते वायु प्रदूषण पर केंद्र सरकार सख्त



**नई दिल्ली।**

हवाओं की गुणवत्ता के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को दिल्ली सहित एनसीआर में आने वाले राज्यों और शहरों के आला अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की है। जिसमें सभी से वायु प्रदूषण को कम करने के लिए की गई ठोस कार्रवाई पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का है। इस दौरान उन्होंने पराली के साथ वाहनों और धूल होने वाले सर्वाधिक प्रदूषण से रोकथाम के कदमों की समीक्षा की है। बैठक में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री यादव ने इस दौरान अधिकारियों से पराली प्रबंधन के लिए जिलावार योजना तैयार करने और पराली जलाने के मामलों की सालभर निगरानी करने का सुझाव दिया। इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारियों से पराली को खेतों में ही नष्ट करने के लिए दी गई मशीनों की उपलब्धता व प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने को भी कहा। बैठक में नगर निगम अधिकारियों से खुले में जलाए वाले कचरों को बिल्कुल न बर्दाश्त करने के निर्देश दिए और कहा कि इससे सख्ती से निपटा जाए। इसके साथ उन्होंने वायु प्रदूषण में धूल की बड़ी मात्रा को देखते हुए इससे निपटने के भी पर्याप्त इंतजाम और सड़क के किनारे हरियाली बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस से यातायात प्रबंधन योजना तैयार करने और राष्ट्रीय राजधानी में इंटेलीजेंस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के क्रियान्वयन में तेजी लाने का भी सुझाव दिया। बैठक में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के आला अधिकारियों के साथ ही एनसीआर में आने वाले सभी शहरों के नगर आयुक्त, सीपीसीबी के वरिष्ठ अधिकारी सहित राज्यों में वायु प्रदूषण से निपटने में लगी दूसरी एजेंसियों के आला अधिकारी भी मौजूद थे।

## रिज मैनेजमेंट बोर्ड को दें वैधानिक दर्जा, सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को निर्देश

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय राजधानी के 'ग्रीन लंग्स' की रक्षा करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार को दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड (डीआरएमबी) को वैधानिक दर्जा देने और इसे रिज व माफोर्लाजिकल रिज से संबंधित सभी मामलों के लिए एकल-खिड़की प्राधिकारी बनाने का निर्देश दिया। माफोर्लाजिकल रिज, रिज क्षेत्र का वह हिस्सा होता है जिसमें रिज जैसी विशेषताएं होती हैं, लेकिन यह अधिसूचित वन क्षेत्र नहीं होता। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने लंबे समय से चल रहे पर्यावरण से जुड़े टीएन गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम भारत सरकार मामले में यह फैसला सुनाया। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि कानूनी सुरक्षा और प्रभावी शासन के बिना रिज की पारिस्थितिक अखंडता गंभीर रूप से खतरे में पड़ जाएगी। पीठ की ओर से फैसला लिखते हुए जस्टिस गवई ने तीन मुद्दों पर बात की। इनमें वन अधिनियम के तहत दिल्ली रिज की अंतिम अधिसूचना जारी करना और नौ मई, 1996 से दिल्ली रिज और माफोर्लाजिकल रिज पर हुए अतिक्रमण को हटाना शामिल है। तीसरा मुद्दा माफोर्लाजिकल रिज की पहचान करना है।



## यूपी में 1.32 लाख परिषदीय स्कूलों में गूंजा वंदे मातरम

**लखनऊ।**

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर के परिषदीय विद्यालयों में देशभक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। सुबह की प्रार्थना सभाओं में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गान हो रहा है। इसमें अब तक 90 लाख 87 हजार से अधिक विद्यार्थी जुड़ चुके हैं। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी शुरूआत सात नवंबर से की है, जो अगले वर्ष नवंबर तक जारी रहेगा। प्रदेश के 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों के करीब 1.48 करोड़ बच्चों को इस अभियान से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के अनुसार पूरे वर्षभर वंदे मातरम थीम पर सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें निबंध लेखन, चित्रकला, देशभक्ति गीत, वाद-विवाद, नाटक, लोककला प्रदर्शन और रचनात्मक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला शामिल होगी। इन सभी कार्यक्रमों का मुख्य विषय वंदे मातरम और राष्ट्रप्रेम रहेगा। विभाग का उद्देश्य है कि वर्ष के अंत तक सभी नामांकित विद्यार्थियों को इस राष्ट्रगीत अभियान से जोड़ा जाए, ताकि हर बच्चे के मन में भारत माता के प्रति गर्व और सम्मान की भावना और गहराई से स्थापित हो सके। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के मन में देशभक्ति, आत्मगौरव, अनुशासन और एकता की भावना को और मजबूत करेगा।

**अब तक 90 लाख से ज्यादा बच्चों ने लिया हिस्सा**



## संपादक की कलम से

# 10/11 दिल्ली विस्फोट

राजधानी दिल्ली में लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास कार में जो जबरदस्त विस्फोट हुआ, उसमें 11 लोग मारे गए और 25 से ज्यादा घायल बताए गए हैं। कुछ गंभीर घायल एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन हैं। उनमें से 5 की हालत नाजुक बताई गई है। ईश्वर कृपा करें और उन्हें जीवन-दान दें। सवाल यह है कि क्या ऐसा विस्फोट आतंकी हमला नहीं है? दिल्ली, मुंबई, उप्र समेत देश के बड़े शहरों और राज्यों मेंहाई अलर्ट


ललित शर्मा
संपादक

घोषित करना पड़ा है, तो क्या यह आतंकी हमले के बाद की स्थिति नहीं है? विस्फोट इतना ताकतवर था कि उसकी गूंज करीब एक किमी. तक सुनाई दी, कार में सवार लोगों के चीथड़े उड़ गए, एक व्यक्ति की पसलियां ही बाहर आ गईं, तो किसी के फेफड़े बाहर दिखाई दिए, किसी का हाथ टूट कर बाहर गिर पड़ा, तो कोई सरकलम की अवस्था में था। मानवीय अंग और धमाके की शिकार गाडियों के हिस्से, टूट कर और हवा में उछल कर, 20-25 मीटर दूर जा गिरे। क्या ऐसे अमानवीय प्रहार को भी आतंकी हमला नहीं मानेंगे? क्या यह आत्मघाती हमला भी हो सकता है? जिस कार के पिछवाड़े में विस्फोट हुआ, उसकी अगल-बगल की 6 कारें, 2 ई-रिक्शा और एक ऑटो में भी आग लग गई। उनमें सवार लोगों की भी मौतें हुई हैं और कुछ झुलसी, घायल अवस्था में अस्पताल तक पहुंचाए गए। क्या ऐसा व्यापक, असामान्य, असरदार विस्फोट सीएनजी सिलेंडर फटने का हो सकता है? बहरहाल राजधानी दिल्ली में हुए विस्फोट के तमाम संकेतआतंकी हमले की ओर हैं। हालांकि हम राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनएसजी, फॉरेंसिक टीमों के अंतिम निष्कर्ष की प्रतीक्षा करेंगे। इस संदर्भ में यूएपीए के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। जांच एजेंसियां 13 संदिग्धों से पूछताछ कर रही हैं। दिल्ली पुलिस के करीब 200 कर्मियों ने सीसीटीवी के फुटेज खंगालने का महत्वपूर्ण काम किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गृह सचिव, आईबी प्रमुख समेत सभी अहम सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ आपात बैठक की है। आकलन और विश्लेषण किए जा रहे हैं कि यह विस्फोट किस स्तर का था। आतंकी हमले की संभावना को भी खारिज नहीं किया जा रहा है। अलबत्ता जांच के सम्यक निष्कर्ष के बाद ही घोषणा की जाएगी कि यह विस्फोट कैसा था। बहरहाल यदि यह विस्फोट आतंकी हमला साबित हुआ, तो 14 लंबे सालों के बाद राजधानी दिल्ली में आतंकवाद के मंसूबे कामयाब होंगे। दिल्ली में आखिरी बड़ा धमाका 7 सितंबर, 2011 को उच्च न्यायालय के बाहर हुआ था, जिसमें 11 मौतें हुई थीं। सितंबर, 2008 में दिल्ली में ही सिलसिलेवार विस्फोट कराए गए थे। कनॉट प्लेस, करोल बाग, ग्रेटर कैलाश आदि में लगातार धमाके हुए थे, जिनमें 25 लोग मारे गए और 90 घायल हुए थे। अब लालकिले के पास जहां धमाका हुआ, उसके पास जैन मंदिर, गौरीशंकर मंदिर, चांदनी चौक, भगीरथ प्लेस आदि ऐसे स्थल और बाजार हैं, जहां शाम के समय 2.5-3 लाख लोगों की भीड़ आती-जाती रहती है। मेट्रो स्टेशन की भी भीड़ होती है। यदि आतंकी हमला साबित हुआ, तो आतंकियों ने भीड़ को ही निशाना बनाया था। यह राजधानी का उच्च सुरक्षा वाला इलाका है, लिहाजा बेहद संवेदनशील भी है। प्रधानमंत्री मोदी स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त, पर लालकिले की प्राचीर से ही देश को संबोधित करते हैं। संयोग है कि दिल्ली में लालकिले के पास इतना ताकतवर विस्फोट हुआ है और 25-30 किमी. दूर हरियाणा के औद्योगिक शहर फरीदाबाद में फतेहपुर तगा गांव के एक मकान से 2563 किग्रा. विस्फोटक रसायन और धौज गांव के एक और मकान से 360 किग्रा. रसायन, यानी कुल 2900 किग्रा. के करीब विस्फोटक रसायन, बरामद किया गया है। हैरान और क्षुब्ध करने वाला तथ्य यह है कि इस आतंकी मॉड्यूल में तीन शिक्षित डॉक्टर संलिप्त हैं।

## मोनिका डागा
## रच रहा है कोई साजिशें
कविता



न जाने जहर के बीज कब खत्म होंगे,
हम अपने ही घर में सुरक्षित कब होंगे,
कब खत्म होगी ये खौफनाक रंजिशें,
कोई कहीं न कहीं रच रहा हैं साजिशें ।

लूट लेते हैं सुकून सारा ऐसे ही समाचार,
पल में छीन ली जाती ₹आनंद₹ रसधार,
घर पर लौट पाएं हम सुरक्षित इस बार,
हर आदमी तो है बस परेशान व लाचार ।

इंसान ही इंसानों के लो बन बैठे हैं दुश्मन,
चीख रही मानवता कैसा बेतूका ये टशन,
खोखली हुई भावनाएं मना रहा कोई जश्न,
जीवन हैं कीमती रह गया बस एक प्रश्न ।

बस किताबी हो गए लगता हैं भाईचारे,
हम किसी न किसी रूप में फिर हैं हारे,
दुष्टों द्वारा तोड़ी जा रहीं प्रेम की दीवार,
न जाने कब थमेंगी ये हिंसा की तलवार ।

आस्तीन के सॉप देशद्रोही वो दगाबाज,
हादसों को अंजाम देते हैं वे धोखेबाज,
बिलख रहा कोई अपना जल रहे अंगारे,
तड़प रहा है फिर कोई घूम रहे हत्यारे ।

बड़ी मात्रा में होता हैं बहुत ही नुकसान,
कितने घर हो जाते सुनसान लहुलुहान,
समझने वाला हैं क्या कोई से दुरूहता,
ये समस्या बन चुकी हमारी विवशता ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सपनों का हनीमून ! बिना वीजा के इन जगहों पर बिताएं जिंदगी के सबसे रोमांटिक पल

हनीमून हर नवविवाहित जोड़े के जीवन का सबसे खूबसूरत समय होता है, जिसे खास जगह पर बिताना हर किसी का सपना होता है। दुनिया में कई ऐसी रोमांटिक डेस्टिनेशंस हैं जो हनीमून के लिए परफेक्ट मानी जाती हैं। मालदीव अपने शांत समुद्र, वॉटर विला और प्राइवेट बीच के लिए मशहूर है। दुनिया में ऐसी के बीच वाले देश हैं जो वीजा-फ्री है, जहां आप अपने पल को सुकून से बिता सकते हैं। मॉरीशस सुंदर बीच और नेचर के कारण रोमांटिक माहौल प्रदान करता है। मॉरीशस और सेशेल्स भी अपने लग्जरी रिसॉट्र्स और नीले समुद्र के लिए लोकप्रिय हैं। हनीमून को खास बनाने के लिए आप इन जगहों पर घूमने जरुर जाएं। ये सभी जगहें कपल्स को सुकून, रोमांस और यादगार पलों से भरा अनुभव देंगी।



**मालदीवः** नवविवाहित कपल्स के लिए मालदीव सबसे बेस्ट जगहों में से एक है। हनीमून के लिए यह बेस्ट डेस्टिनेशन है, जो कि वीजा-फ्री है। यहां के ओवरवॉटर विला, क्लिर ब्लू पानी और रंग-बिरंगी मछलियां किसी स्वर्ग से कम नहीं है। मालदीव में प्राइवेट रिसॉट्र्स दीपों के लिए जाना जाता है। शाम के समय समुद्र किनारे कैंडललाइट डिनर, कपल स्पा और सनसेट क्रूज आपकी यादों को हमेशा यादगार बना देंगा।

**मॉरीशसः** मॉरीशस सुंदर बीच, हरे-भरे जंगलों और विविध संस्कृति के लिए जाना जाता है। कपल्स यहां पर ले मॉर्न ब्राबांट, चमरेल की सेवन कलर्ड अर्थ और पाम्पलमूस बोटैनिकस गार्डन देख सकते हैं। यदि आप एडवेंचर का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो स्कूबा डाइविंग, सेलिंग या ट्रेकिंग का मजा ले सकते हैं। यहां आप हनीमून को शानदार तरीके से एन्जॉय कर सकते हैं।

**सेशेल्सः** एक शांत और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है सेशेल्स, यहां पर सफेद रेत वाले बीच और नीले पानी की लहरें कपल्स को अट्रैक्ट करेगी। यहां के लोकप्रिय स्थानों में अन्से लाजियो बीच और यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट डे शामिल है। कपल्स यहां पर प्राइवेट यॉट में सफर कर सकते हैं।

**अल्माटीः** अल्माटी कजाखस्तान का सबसे बड़ा और खूबसूरत शहर है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिकता के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर बर्फ से ढके पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरा हुआ है। अल्माटी कभी देश की राजधानी था और आज भी इसका सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र माना जाता है। यहां का मेदेओ आइस स्केटिंग रिंक, शिम्बुलक स्की रिसॉर्ट और बिग अल्माटी लेक प्रमुख आकर्षण हैं। अपनी शांत जलवायु और सुंदर दृश्यों के कारण यह हनीमून और पर्यटन के लिए सबसे बेस्ट डेस्टिनेशन है।

**फिजीः** हनीमून के लिए फिजी एक शानदार डेस्टिनेशन है। फिजी नेचुरल खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यहां के साफ बीच, कोरल रीफ और हरियाली से भरे जंगल न्यूली वेड कपल के लिए शानदार है। यहां पर आफ डाइविंग, स्नॉर्कलिंग और हाइकिंग कर सकते हैं।

## विश्व दयालुता दिवस -13 नवम्बर, 2025

# करुणा एवं संवेदनाओं से ही दुनिया में संतुलन संभव

आज का मनुष्य जितनी तीव्रता से भौतिक प्रगति कर रहा है, उतनी ही तेजी से मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है। विज्ञान ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, परंतु उसने मनुष्य को आत्मकेंद्रित भी कर दिया है। प्रतिस्पर्धा, उपभोगवाद, स्वार्थ और सत्ता की भूख ने मनुष्य के भीतर की दयालुता को जैसे कुंद कर दिया है। ऐसे समय में जब विश्व हिंसा, आतंक, युद्ध, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और वैमनस्य के दौर से गुजर रहा है, तब विश्व दयालुता दिवस मनाने का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सभ्यता के विकास की असली पहचान तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर की करुणा, सहानुभूति और प्रेम से होती है। दयालुता कोई कमजोरी नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। यह मनुष्य को पशुता से ऊपर उठाकर देवत्व की ओर ले जाती है। इतिहास साक्षी है कि जिन समाजों ने दया, करुणा और प्रेम को अपनाया, वहीं शांति और समृद्धि का आधार बने। बुद्ध, महावीर, यीशु और गांधी जैसे महापुरुषों ने दया को जीवन की सबसे बड़ी साधना माना। महात्मा गांधी ने कहा था, अहिंसा कोई निष्क्रिय वस्तु नहीं, यह सबसे सक्रिय और जीवंत शक्ति है। दयालुता उसी अहिंसा की आत्मा है, जो मनुष्य को दूसरों के सुख-दुःख से जोड़ती है।

आज जब दुनिया में युद्ध की विभीषिका मंडरा रही है, जब समाज हिंसा, कट्टरता और असहिष्णुता से आक्रांत है, तब दया और करुणा का महत्त्व केवल नैतिकता का विषय नहीं, बल्कि अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। यूक्रेन-रूस युद्ध, गाजा और इस्राइल का संघर्ष, आतंकवाद की विभीषिका और भीतर तक उतर चुकी नफरत की राजनीति-ये सब इस बात के संकेत हैं कि हमने दयालुता को अपने जीवन से बाहर कर दिया है। मनुष्य ने मशीनों की तरह व्यवहार करना शुरू कर दिया है। संवेदना की जगह संदेह ने ले ली है, और करुणा की जगह क्रूरता ने। ऐसे में विश्व दयालुता दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम अब भी मनुष्य बचे हैं या केवल उपभोग की दौड़ में शामिल यांत्रिक प्राणी बन गए हैं। विश्व दयालुता दिवस मनाने की पहल सबसे पहले 1998 में वर्ल्ड काइंडनेस मूवमेंट नामक अंतरराष्ट्रीय संगठन ने की थी, जिसका उद्देश्य था-मानवता में करुणा, सहानुभूति और प्रेम के बीजों को फिर से सींचना। इस दिन का मकसद यह स्मरण कराना है कि दया कोई एक दिन की बात नहीं, बल्कि जीवन का स्थायी संस्कार होना चाहिए। दयालुता एक ऐसी भाषा है जो सभी सीमाओं, धर्मों, भाषाओं और विचारधाराओं से परे है। यह वह सूत्र है जो मनुष्यता को जोड़ता है, जो टूटे हुए रिश्तों में प्राण फूंकता है। आज की दुनिया में भौतिक विकास ने व्यक्ति को आराम तो दिया है, लेकिन आत्मिक शांति छीन ली है। हर कोई सफलता की होड़ में है, पर किसी के पास किसी के लिए समय नहीं है। परिवारों में संवाद घट गया है, समाज में सहयोग की भावना कम हुई है, और राजनीति में विरोध ने वैमनस्य का रूप ले लिया है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस युग में हम जुड़ते तो बहुत हैं, पर वास्तव में अलग-थलग पड़ गए हैं।




ललित गर्ग

दया और करुणा की कमी के कारण मानसिक तनाव, अवसाद, आत्महत्या और असंतोष जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। इस स्थिति से उबरने का एकमात्र उपाय है-दयालुता की भावना को जीवन का आधार बनाना। दयालुता केवल दूसरों के प्रति व्यवहार नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि का माध्यम है। जब हम किसी की सहायता करते हैं, किसी के दुःख को समझते हैं, किसी की भूल को माफ करते हैं, तब हम अपने भीतर की नकारात्मकता को भी दूर करते हैं। दयालु व्यक्ति न केवल समाज को सुंदर बनाता है, बल्कि स्वयं के भीतर भी शांति का अनुभव करता है। करुणा से मनुष्य का हृदय विस्तृत होता है, दृष्टि उदार होती है, और जीवन में संतुलन आता है। आज की जटिल दुनिया में संतुलन खोना बहुत आसान है। मनुष्य अपनी इच्छाओं, आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं में उलझकर आत्मविनाश की ओर बढ़ रहा है। पर्यावरण का संकट, सामाजिक विषमता, नैतिक पतन-ये सब उसी असंतुलन के परिणाम हैं, जहाँ दयालुता और करुणा का स्थान स्वार्थ और लोभ ने ले लिया है। यदि मनुष्य में करुणा का भाव जाग जाए, तो न युद्ध रहेगा, न आतंकवाद, न हिंसा। दुनिया में जितनी भी क्रूरताएं हुई हैं, वे दया के अभाव से हुई हैं। अतः दया केवल नैतिक मूल्य नहीं, बल्कि विश्व शांति का आधार है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था-जब तक एक भी जीव भूखा या दुखी है, तब तक तुम्हारी उपासना अधूरी है। यह वाक्य हमें याद दिलाता है कि सच्चा धर्म केवल पूजा या प्रार्थना नहीं, बल्कि दूसरों के प्रति करुणा का भाव है। यदि दयालुता जीवन का हिस्सा बन जाए, तो धर्म अपने वास्तविक रूप में प्रकट होता है। चाहे वह जैन धर्म का अहिंसा परमो धर्मः का संदेश हो या बौद्ध धर्म की मैत्री भावना, सभी ने दया को ही मानवता की सर्वोच्च साधना माना है। वास्तव में दया का अर्थ केवल किसी पर कृपा करना नहीं है, बल्कि दूसरों के दुख को अपना समझना है। दया एक ऐसी ऊर्जा है जो न केवल संबंधों को मजबूत बनाती है, बल्कि समाज में सह-अस्तित्व की भावना को भी जन्म देती है। आज जब मनुष्य अपने अस्तित्व को लेकर संघर्ष कर रहा है, तो दया ही वह सूत्र है जो जीवन में संतुलन और अर्थ दोनों ला सकती है। हम देख रहे हैं कि दुनिया में तकनीकी शक्ति बढ़ रही है, परंतु नैतिक और भावनात्मक शक्ति घट रही है। युद्ध और हिंसा से किसी का भला नहीं होता। दया और करुणा से ही समाज टिकता है, सभ्यता बचती है, और मनुष्य अपने भीतर के अंधकार को पहचान पाता है। विश्व दयालुता दिवस इसलिए हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या हमारे जीवन में दयालुता का स्थान बचा है? क्या हम अपने व्यवहार में दूसरों के सुख-दुःख के प्रति संवेदनशील हैं? दयालुता की शुरूआत बहुत छोटे-छोटे कार्यों से होती है-किसी की सहायता करना, किसी के प्रति मधुर बोल कहना, किसी की गलती को क्षमा करना, या किसी जरूरतमंद की मदद करना। इन छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव संभव हैं। यही छोटे कदम मिलकर समाज में बड़ी करुणा की लहर पैदा करते हैं। जैसे एक दीपक अंधकार को मिटा देता है, वैसे ही एक दयालु कर्म हजारों हृदयों में प्रकाश फैला सकता है। आज जब दुनिया को हथियारों से नहीं, दिलों से जीतने की जरूरत है, तब दयालुता को जीवन का आधार बनाना सबसे बड़ी मानव सेवा है। करुणा वह सेतु है जो टूटे हुए संबंधों को जोड़ती है, घृणा को प्रेम में बदलती है और संघर्ष को सहयोग में परिवर्तित करती है। यही संतुलित, शांत और सुंदर जीवन की दिशा है। इसलिए विश्व दयालुता दिवस कोरा आयोजनात्मक न होकर प्रयोजनात्मक होना चाहिए, यह दिवस एक प्रेरणा है कि हम फिर से मनुष्य बनें, अपने भीतर की करुणा को जगाएं और दुनिया को प्रेम व सहानुभूति से भर दें। जब हम दूसरों के प्रति दयालु बनते हैं, तो हम न केवल समाज में शांति फैलाते हैं, बल्कि अपने भीतर भी दिव्यता का अनुभव करते हैं। यही दया का वास्तविक चमत्कार है-जो जीवन को संतुलित बनाता है और दुनिया को फिर से मानव बनाता है।

# ज्ञान के वृहद् स्वरुप राष्ट्र का वैश्विक स्वरुप

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा, भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है


संजीव ठाकुर

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।

दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।

# जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

वेलकम इंडिया

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त हो रही विद्युत संबंधी शिकायतों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा लगातार यह बताया जा रहा है कि उनकी शिकायतों को समय पर सुना नहीं जा रहा है तथा विभागीय स्तर पर अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई जा रही है। जिलाधिकारी ने इसे अत्यंत गंभीर बताते हुए अधिकारियों की कार्यशैली पर स्पष्ट रूप से नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालय में बैठकर




शिकायतकताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनें। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से इधर-उधर न भेजा जाए और प्रत्येक शिकायत का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि विभागीय कार्यशैली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होना चाहिए, जिससे आमजन को राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई या लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि चाइनीज मांझा से पतंगबाजी की घटनाओं के कारण विद्युत लाइनों पर मांझा उलझ रहा है, जिससे विद्युत फॉल्ट उत्पन्न हो रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि चाइनीज मांझे का उपयोग प्रतिबंधित है।

# भगतपुर के पदियानगला में न्यायपंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, विजेताओं को मेडल-प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की न्याय पंचायत भवानीपुर में मंगलवार को न्यायपंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के निर्देश एवं मार्गदर्शन में पदियानगला में आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने जोश के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 50, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, सुलेख लेखन, खो-खो और कबड्डी जैसी विभिन्न स्पधाओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में न्याय पंचायत प्रभारी एवं पूर्व एआरपी सुभाष चंद्र, नवनीत विश्नोई पूर्व एआरपी, सतवीर सिंह पूर्व एआरपी, मयंक भारद्वाज, पंकज कुमार सागर, कपिल शर्मा, कपिल चौधरी, छत्रपाल सिंह, प्रदीप कुमार, जितेन्द्र सिंह, मोहम्मद आरिफ, वाजिद परवेज, विनीत कुमार खेल अनुदेशक, विपिन कुमार, साजिद हुसैन, रविशेखर, धर्मेन्द्र सिंह, एकता, नेहा पाल, सीमा शुल्क, ऋतु पाल, शोभना सिंह, ज्योति, ऊषा, गीता, शुभकामना, योगेश्वरी, निधि ग्रेवाल, प्रियंका पाल, तानिया तोमर, ममता रानी, राजवती देवी, प्रतिभा चौधरी, कल्पना वशिष्ठ, अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित रहे।



इस तरह के आयोजन से बच्चों में खेल भावना का विकास होता है और वे पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी मजबूत बनते हैं। -**मोहित कुमार, बीईओ भगतपुर।**

## फिल्पकार्ट का सामान ट्रक से चोरी करने वाला एक शातिर चोर किया गिरफ्तार

खुर्जा/थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर सैमडा नहर पुल पर ग्राम नेमताबाद बिजलीपुर जाने वाले रास्ते से फिल्पकार्ट का सामान चोरी करने वाले गिरोह के 01 शातिर सदस्य को चोरी किये गये मोबाइल सहित दीपक पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी ग्राम शहवाजपुर दौलत थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशांदेही से अन्य सामान को शिकारपुर रोड स्थित उसके कमरे से बरामद किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर पंजीकृत मुअसं-431/25 धारा 317(2), 317(4) बीएनएस पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं।

# गोल्डन लायनेस नवचेतना क्लब अधिष्ठापन दीक्षा समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** नगर के एक प्रतिष्ठित जैन विवाह मंडप में बिजनौर के चारों क्लब ने गंगा जमुना सरस्वती एवं भागीरथी का संगम थीम पर एक साथ मिलकर डीसीपी जी .एल .अनुभा सिंघल को आमंत्रित कर अधिष्ठापन व दीक्षा समारोह का आयोजन कराया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि पीतल नगरी, सहारनपुर से वर्तमान जिला चेयर पर्सन अनुभा, चीफ एडवाइजर निशी जैन, कैबिनेट की एडवाइजर जिल अरुणा मित्तल, एलीट एडवाइजर जिल खुशबू कर्णवाल व जिला सेक्रेटरी मनुश्री, कोषाध्यक्ष ममता का ढोल नगाड़ों व पुष्प वर्षा के साथ तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इंस्टॉलेशनऑफिसर अरुणा मित्तल ने नई अध्यक्ष सुमन रावत, सचिव रेनू चौधरी, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल का अधिष्ठापन किया। दीक्षा समारोह खुशबू कर्णवाल ने क्लब में जुड़े नए सदस्यों नेहा शर्मा, नीलम शर्मा, अर्चना चौधरी, पारुल, योगिता बब्बर का स्वागत किया। उन्हें उनकी जिम्मेदारियां से अवगत कराया व उपहार देकर सम्मानित किया। पूर्व अध्यक्षा कविता शर्मा ने ससम्मान अपना पदभार नई अध्यक्ष सुमन रावत को प्रदान किया। कार्यक्रम की संचालक ज्योति अग्रवाल, कन्वीनर अर्चना चौधरी रही। कार्यक्रम में जिला टेमर कविता शर्मा, कमेटी चेयरपर्सन शैली चौधरी, व नीतू चौधरी को भी सम्मानित किया ।गयारंगारंग कार्यक्रम में शैली चौधरी व अन्य लायनस ने वातावरण को रोमांचित बना दिया। गोल्डन लायनेस नवचेतना क्लब द्वारा गरीबों को गरम कपड़े वितरित किए गए। क्लब के सभी सदस्यों का कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नवचेतना के मेंबर्स का अहम योगदानरहा।




## प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पहासू में भव्य शोभायात्रा निकाली गई

पहासू/ बुलंदशहर/पहासू जन जन के आराध्य राघवेंद्र सरकार के बाल रूप की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पहासू में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पहासू के शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार तथा पूर्ण विधि-विधान से भगवान राम के बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान की प्रतिमा को भव्य रथ में रखकर पूरे नगर का भृमण कराया।

# वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वंदे मातरम रैली का आयोजन




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** सीओ गणेश चंद विद्यार्थी 32 यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर के निर्देशन में देवता महाविद्यालय मोरना बिजनौर, देवता इंटर कॉलेज मोरना एवं चौधरी यशपाल सिंह स्मारक इंटर कॉलेज सेवा धाम मोरना ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में वंदे मातरम रैली का आयोजन किया। इस रैली को महाविद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार सिंह प्राचार्य डॉ लोकवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर और भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारे के घोष के साथ ग्राम मोरना के लिए रवाना किया। रैली ग्राम मोरना होते हुए वापस महाविद्यालय पहुंची और सभी कैडेट्स, पी आई स्टाफ, एएनओ एवं सीटीओ द्वारा वंदे मातरम गीत को उत्साह पूर्वक गाया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के एनसीसी विभाग के सीटीओ डॉ राजीव कुमार, चौधरी यशपाल सिंह स्मारक इंटर कॉलेज के एएनओ लेफ्टिनेंट तेजस्वी कुमार, देवता इंटर कॉलेज मोरना के सीटीओ कमलवीर सिंह चौहान, बटालियन के पीआई हवलदार सुरेंद्र सिंह, सीनियर कैडेट्स उदय कुमार, अभिषेक भारती, समीर एवं एसडी एस डबलू, जे डी, जे डबलू के 150 के कैरेट्स में भाग लिया साथ ही महाविद्यालय के डॉ रशीद खान, पदम सिंह, कवि कुमार, मोहित कुमार, भूपेंद्र सिंह आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता ग्रहण की



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक नूरपुर की टीम ने चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने के लिए कोकिल चौधरी पुत्र ओमकार सिंह के निवास पर सदस्यता दिलाई। मीटिंग की अध्यक्षता ओमकार सिंह व संचालक सुधीर शर्मा ने किया। कोकिल चौधरी महेश कुमार उर्फ.जॉनी, हर्ष भारद्वाज, सुशील ठाकुर, अमित कुमार आदि ने सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, विनीत धनकड, समरपाल सिंह, गौतम सिंह आदि किसान मौजूद रहे।।

# आर आर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ताइक्वांडो में जीते कई मेडल

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर :** बिजनौर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित की गई 17वी जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 में आर आर पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल पहुंचे विजेता खिलाड़ियों को स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। ताइक्वांडो कोच जीवन सिंह ने बताया कि 9 नवम्बर को बिजनौर के नेहरू स्टेडियम में 17वी जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में? नजीबाबाद, धामपुर, कालागढ़, चांदपुर, नूरपुर सहित जिले के 365 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, ?जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव राजू राजपूत द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल के छात्र देव, पुनीत कुमार, शिव, हयांश ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें बालिका वर्ग से आर आर पब्लिक स्कूल की छात्रा भव्या सिंह ने 16 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल 22 किलों ग्राम भार वर्ग में मानवी 32 किलोग्राम भार वर्ग में आरुषि वर्मा, 44 किलोग्राम भार वर्ग में शिखा अग्रवाल, 42 किलोग्राम भार वर्ग में आयुषी कुमारी, 47 किलोग्राम भार वर्ग में अनन्या शर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया ।बालक वर्ग में 18 किलोग्राम भार वर्ग में स्पर्श सिहं, 23 किलोग्राम भार वर्ग में दक्ष कुमार, ने गोल्ड मेडल, 44 किलोग्राम भार वर्ग में प्रभजोत सिंह ने सिल्वर मेडल, 23 किलो ग्राम भार वर्ग में आदि शर्मा, 32 किलो ग्राम भार वर्ग में जनक राजपूत, 35 किलोग्राम भार वर्ग में प्रणय कौशिक, पांशुल कंधालिया, हर्षित कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। स्कूल पहुंचने पर विजेताओं को स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# सेवा, संवेदना और समर्पण का पाठ एमबीबीएस विद्यार्थियों ने ली कैडेवरिक शपथ



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में एमबीबीएस सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों के लिए कैडेवरिक ओथ सेरेमनी (उॅंपीॠ डंइॅ उीशॅंङ्गल्ल८) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानव शरीर दाताओं के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना तथा विद्यार्थियों में चिकित्सा शिक्षा के प्रति आदर, नैतिकता और संवेदनशीलता की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक वंदना के साथ हुई। इसके बाद विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों को कैडेवरिक लर्निंग के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर शरीर दाताओं एवं उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई और उनके निःस्वार्थ योगदान को नमन किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने मानवता की सेवा के संकल्प के साथ कैडेवरिक शपथ ग्रहण की। कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. मनीषा जिंदल ने विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा के प्रारंभिक चरण में ही मानवीय संवेदना, सम्मान और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत भारत गार्डन में आयोजित किया गया अनंता कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

रामपुर। महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में अनंता (प्रेरक महिला सम्मान) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मा० राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सुनीता सैनी, जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 दीपा सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष श्री हरीश गंगवार, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती ईरा आर्या द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन तथा अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई। मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, हेल्पलाइन सेवाओं तथा शिकायत निवारण तंत्र से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन अधिकारों का उपयोग कैसे किया जाए, इसकी स्पष्ट जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जहाँ भी महिलाओं के अधिकारों का हनन होता है, वहाँ उपलब्ध कानूनी प्रावधानों एवं सरकारी सेवाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त किया जा सकता है, यह जानकारी प्रत्येक महिला तक पहुँचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत गाँव स्तर पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला पुलिसकर्मी महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शिकायत निवारण संबंधी प्रावधानों के बारे में लगातार जागरूक कर रही हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का वास्तविक उद्देश्य, महिलाओं को सक्षम, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभागीय स्टालों से योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मा० राज्य महिला आयोग की सदस्या ने कहा कि आयोग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों से संबंधित मामलों पर निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण एवं उचित सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने जनपद में मिशन शक्ति के तहत चल रहे प्रयासों की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं हेल्पलाइन सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यक सुरक्षा सुझाव प्रदान किए। उन्होंने बताया कि जनपद में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्था एवं जागरुकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से कहा कि किसी प्रकार की घटना, शोषण की स्थिति में बिना संकोच पुलिस को सूचना दें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।



### सीमा पर सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट

# दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद डीएम-एसपी ने इंडो नेपाल बार्डर पर किया देर रात निरीक्षण

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**सिद्धार्थनगर।** दिल्ली में हुए बम विस्फोट की घटना के बाद पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर है। इसी क्रम में सिद्धार्थनगर जिले में स्थित भारत-नेपाल सीमा पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सक्रिय हो गई हैं।

सोमवार देर रात जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने भारत-नेपाल सीमा के कई चेकपॉइंट्स, भंसार पोस्ट, सीमा स्तंभक्षेत्रों और आवागमन बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर तैनात पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और खुफिया इकाई के अधिकारियों से सुरक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी दी है। खुफिया एजेंसियों ने भी सीमावर्ती इलाकों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि नेपाल के रास्ते संदिग्ध गतिविधियों की सूचनाएं मिलती रहती हैं। जिले की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए शाम से ही सीमा पर जांच बढ़ा दी गई है। आने-जाने वाले लोगों के पहचान पत्रों की जांच, वाहनों की तलाशी, संदिग्ध व्यक्तियों की वीडियो रिकॉर्डिंग और थर्मल वॉक-थ्रू के माध्यम से निगरानी की जा रही है। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन सहित अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है।

जिले के प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और हाट-बाजारों जैसे क्षेत्रों में पैदल गश्त शुरू कर दी गई है। पुलिस लगातार लोगों की आवाजाही पर नजर रख रही है और दिन-रात चेकिंग अभियान चला रही है। संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

## विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

**मथुरा/गोवर्धन।** श्रीनाथ जी धमार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा द्वारा 24वॉं विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन श्रीराधा कृष्ण सेवा सदन, जतीपुरा, गोवर्धन, मथुरा में दिनांक 12 नवम्बर 2025 से 16 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में नेत्र रोगियों की जाँच एवं भर्ती 16 नवम्बर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से 3:00 बजे तक की जायेगी। निःशुल्क नेत्र जाँच चिकित्सा शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ की चिकित्सीय टीम द्वारा नेत्र रोगियों के मोतियाबिन्द, परवाल, कालापानी आदि रोगों का उपचार एवं ऑपरेशन निःशुल्क रूप से सम्पन्न किये जायेंगे। इस नेत्र चिकित्सा शिविर में मोतियाबिन्द रोगियों के लैन्स प्रत्यारोपण भी किये जायेगे। शिविर में ऑपरेशन के योग्य पाये गये नेत्र रोगियों को पलंग, बिस्तर, दवा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रूप से की गई हैं।

## भगतपुर के पदियानगला में न्यायपंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की न्याय पंचायत भवानीपुर में मंगलवार को न्यायपंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के निर्देश एवं मार्गदर्शन में पदियानगला में आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने जोश के साथ हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में 50, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, सुलेख लेखन, खो-खो और कबड्डी जैसी विभिन्न स्पधाओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में न्याय पंचायत प्रभारी एवं पूर्व एआरपी सुभाष चंद्र, नवनीत विश्नोई पूर्व एआरपी, सतवीर सिंह पूर्व एआरपी, मयंक भारद्वाज, पंकज कुमार सागर, कपिल शर्मा, कपिल चौधरी, छत्रपाल सिंह, प्रदीप कुमार, जितेन्द्र सिंह, मोहम्मद आरिफ, वाजिद परवेज, विनीत कुमार खेल अनुदेशक, विपिन कुमार, साजिद हुसैन, रविशेखर, धर्मेन्द्र सिंह, एकता, नेहा पाल, सीमा शुल्क, ऋतु पाल, शोभना सिंह, ज्योति, ऊषा, गीता, शुभकामना, योगेश्वरी, निधि ग्रेवाल, प्रियंका पाल, तानिया तोमर, ममता रानी, राजवती देवी, प्रतिभा चौधरी, कल्पना वशिष्ठ, अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

> इस तरह के आयोजन से बच्चों में खेल भावना का विकास होता है और वे पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी मजबूत बनते हैं। **-मोहित कुमार,बीईओ भगतपुर।**

## सार संक्षेप

### दिल्ली दहलने के बाद भारत-नेपाल की सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां एलर्ट



**वेलकम इण्डिया /असदुल्लाह सिद्दीकी**

**खुनुवां/सिद्धार्थनगर।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए जोरदार धमाके ने पूरे देश को झकझोर दिया। जिससे पूरे जिले के साथ भारत नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट जारी हुआ है। नेपाल से लगने वाली सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और सीमाई थानों की पुलिस अलर्ट मोड पर हैं। भारत-नेपाल की सीमा खुनुवां बॉर्डर पर हर वाहन और व्यक्ति की चेकिंग भारतीय और नेपाली सुरक्षा एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है। संदिग्धों पर कड़ी नजर है। होटल और ढाबा पगडण्डी रास्ता पर पुलिस और एसएसबी की पैनी नजर बनी हुई है। बार्डर पर सर्च आपरेशन किया जा रहा है। सीमा क्षेत्र में संदिग्ध दिखने वाले लोगों से सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पूछताछ किया जा रहा है। स्थानीय लोगों से अपील किया गया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु के दिखने पर पुलिस को सूचना जरुर दें। इस दौरान एसएसबी, खुनुवां पुलिस, नेपाल पुलिस, एपीएफ ने फ्लैग मार्च करते हुए बार्डर पर सघन चेकिंग किये।

### रास्ते की जमीन को लेकर सगे भाइयों में भिड़ंत चले ईंट पत्थर

**वेलकम इण्डिया /असदुल्लाह सिद्दीकी**

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** उसका थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरहना के टोला दुगाजीत में सोमवार की रात दो पक्षों में जमकर ईंट-पत्थर चले। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नही है। जानकारी के अनुसार दयाराम और राजाराम दोनों सगे भाई हैं। काफी दिनों से इनके बीच रास्ते की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार की रात भी कुछ ऐसा ही हुआ तो दोनों भाई आपस में भिड़ गए, इसके बाद दोनों तरफ से ईंट पत्थर चलने लगा। लगभग आधे घंटे तक ऐसा होता रहा, फिर किसी ने डायल 112 को बुला लिया तब जाकर मामला शांत हुआ। इस संबंध में एसओ हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि दोनों पक्षों ने तहरीर दिया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### स्नेचिग करने वाले बदमाशो की पुलिस से मुठभेड़



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में पुलिस और बदमाशों के बीच हुआ मुठभेड़, दो बदमाश गिरफ़्तार। एक बदमाश के पैर में लगी गोली। जिला मैडीकल कॉलेज में भर्ती। मुठभेड़ के दौरान अंजर नाम का बदमाश फरार हो गया। रानीगंज थाना क्षेत्र के चंदी गोविंदपुर में मंगलवार शाम 5.30 बजे पुलिस और चेन स्नेचिंग करने वाले बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। बदमाश गुलजार के पैर में गोली लगी, जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जबकि मोदम्मद तबरेज को भी इस दौरान गिरफ़्तार किया है। पकड़े गए दोनों बदमाश दिलीपपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव का रहने वाले थे। सीओ रानीगंज ने बताया की दोनों बदमाशो ने 7 नवंबर को महिला से लूट की वारदात की थी।

### मतदाता सूची का कार्य समय पर करें

**गरुड़।** तहसील सभागार में सहायक निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र देवली व नायब तहसीलदार प्राची बहुगुणा ने बीएलओ, सुपर वाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बैठक का आयोजन किया।

## फिल्पकार्ट का सामान ट्रक से चोरी करने वाला एक शातिर चोर किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/राजेन्द्र सिंह**



**बुलंदशहर।** थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर सैमडा नहर पुल पर ग्राम नेमताबाद बिजलीपुर जाने वाले रास्ते से फिल्पकार्ट का सामान चोरी करने वाले गिरोह के एक शातिर सदस्य को चोरी किये गये मोबाइल सहित दीपक पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी ग्राम शहवाजपुर दौलत थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर

को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशांदेही से अन्य सामान को शिकारपुर रोड स्थित उसके कमरे से बरामद किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर पंजीकृत मुअसं-431/25 धारा 317(2), 317(4) बीएनएस पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं।

पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह फिल्पकार्ट कंपनी मे चलने वाले ट्रक को चलाता था। 09.10.2025 उसने द्वारका दिल्ली से फिल्पकार्ट कंपनी का माल लोड करके नोएडा के लिए निकला था। रास्ते में उसने अपने दोस्त अतुल व उसके दो साथियो के साथ मिलकर ट्रक में भरा सामान को चोरी करने की योजना बनायी । योजनानुसार ट्रक में भरे सामान को उन्होने अतुल की ट्रक में भर दिया तथा ट्रक को वही छोड सामान लेकर फरार हो गया तथा चोरी का जो सामान उसके हिस्से में आया था उसने वह सामान शिकारपुर रोड स्थित अपने किराये के कमरे में रख दिया एवं अपने हिस्से का सामान लेकर अतुल अपने साथियो के साथ चला गया था। पुलिस टीम में मनोज कुमार थाना प्रभारी उ0नि0 विशाल शर्मा, उ0नि0 संजीव कुमार उ0नि0 शेखर सिंह है0का0 नितिन,है0का0 विवेक कुमार आदि शामिल रहे।

## विनोद खोलिया लगातार तीसरी बार उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष बने



**गरुड़।** उत्तराखंड वन विकास निगम, कर्मचारी संगठन का गठन किया गया। इस मौके पर विनोद खोलिया लगातार तीसरी बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने गए। लकड़ी टाल बागेश्वर में लागिंग प्रभाग के कर्मचारी संगठन के द्विवार्षिक चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। इस मौके पर ललित मोहन उपाध्यक्ष, कुमुद कांडपाल मंत्री, राजेंद्र सिंह परिहार कोषाध्यक्ष, देवेंद्र सिंह संयुक्त मंत्री, विवेक चमोला संगठन मंत्री, उमेश चंद्र उपाध्याय प्रचार मंत्री चुने गए।

## कार की ठोकर से घायल बाइक सवार व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शिवनगर,डिडई/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र शिवनगर डिड़ई क्षेत्र अन्तर्गत कटबंध पेट्रोल पम्प के समीप कार की ठोकर से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान बस्ती अस्पताल में मौत हो गई। वहीं छोटे बच्चे के साथ पीछे बैठी 27 वर्षीय गोल्डी दूबे भी गम्भीर रुप से घायल हैं। घटना मंगलवार पूर्वान्ह लगभग 10 की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बांसी कोतवाली क्षेत्र के रमवापुर दूबे निवासी 51 वर्षीय कृष्ण धर दूबे उर्फ भैरो धर अपनी शादीशुदा लडकी गोल्डी के एक वर्षीय बच्ची का रुधौली से इलाज करवाकर वापस लौट रहे थे कि कटबंध पेट्रोल पम्प के नजदीक बस्ती की ओर जा रही एक कार ने ठोकर मार दिया। ठोकर मारने वाली फार्च्यूनर कार किसी स्थानीय व्यक्ति की बताई जाती है। किसी वाहन से दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय बस्ती भेजा गया, जहां इलाज के दौरान गम्भीर रूप से घायल कृष्ण धर दूबे की मौत हो गई और घायल लड़की का कैली अस्पताल में इलाज चल रहा है, ऐसी जानकारी मिली है। बताया जाता है कि मृतक कृष्णधर दूबे का शव पीएम को भेजा गया है।

इस बावत प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा है कि मैं राज्यपाल के कार्यक्रम में था, घटना स्थल से एक बाइक और एक फार्च्यूनर गाड़ी पुलिस द्वारा थाना पर लाई गई है। घटना की सूचना पर मृतक के घर कोहराम मच गया। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर मानो विपत्ति का पहाड़ टूट गया। कृष्णधर दूबे अपने पीछे अपनी पत्नी के अलावा चार अविवाहित लडकियां छोड़ गये। वह किसी प्रकार बडी बेटी गोल्डी के हाथ तो पीले कर पाये थे। शेष बिन ब्याही चार लडकियों के हाथ पीले कैसे होंगे यह भी बड़ा सवाल है।

## प्रशासनिक न्यायालयों में रिश्वतखोरी के खिलाफ अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जनपद के चारों तहसीलों में मौजूद प्रशासनिक न्यायालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारी भूमाफिया और जमीन के काम से जुड़े कारोबारियों के हिसाब से निर्णय को संक्रमित कर रहे हैं। इसके लिए 10 से 25 लख रुपए तक की रिश्वत भी ली जा रही है।

संक्रमित निर्णय इतने कमजोर होते हैं कि उच्च अदलतों से पहली तारीख में ही रिमांड होकर वापस आ जाते हैं। इसके विरोध में राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन मथुरा के पदाधिकारियों ने 10 नवंबर को कार्यवाहिकर शुरू किया और 11 नवंबर मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय से तहसील सदर तक भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर 12 बजे अधिवक्ता कलेक्ट्रेट स्थित चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा के समक्ष एकत्र हुए। यहां से जुलूस की शक्ल में भ्रष्ट अधिकारियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए तहसील सदर के प्रांगण में जा पहुंचे। अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखकर अधिकांश प्रशासनिक न्यायालयों के कर्मचारी इधर-उधर हो गए, दफ्तर खाली नजर आए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी 6 माह करीब अधिवक्ताओं ने तहसीलों व प्रशासनिक न्यायालयों का बहिष्कार किया हुआ था। इस संबंध में जिलाधिकारी से बातचीत के बाद वमुश्किल कार्य बहिष्कार वापस लिया गया। तहसील प्रांगण में आयोजित सभा में अधिवक्ताओं ने अनमोल गर्ग, प्रशांत कुमार, और पंकज यादव के अलावा मीनू राजपूत, जयंती मिश्रा एवं सुशील गुप्ता सरीखे अफसरों के व्यवहार और कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़े किए। अधिवक्ताओं ने अधिकारियों को 3 दिन की चेतावनी कार्यप्रणाली में सुधार के लिए दी है अन्यथा की दशा में सोमवार को पुनः मीटिंग कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। अधिवक्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि शीघ्र ही प्रतिनिधिमंडल राजस्व परिषद के अध्यक्ष से मुलाकात कर भ्रष्टाचारियों की शिकायत करेगा।

## डाइट मथुरा में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता और जनपद स्तरीय गणित ओलिंपियाड परीक्षा 2025 का उद्घाटन डाइट पर हुआ। इस प्रतियोगिता की शुरूआत मैदान में भविष्य के शिक्षक डीएलएड प्रशिक्षुओं के एकत्रीकरण से हुई। इसके बाद खेल मैदान पर मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश चंद्र अग्रवाल संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मंडल आगरा का आगमन हुआ और उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया ।

इसी क्रम में डीएलएड प्रशिक्षुओं ने सरस्वती वंदना की। इसी क्रम में अतिथि परिचय और मुख्य अतिथि का सम्मान बैच लगाकर हरेश कुमार सिंह खेलकूद प्रभारी ने किया है। इसी क्रम में स्वागत गान, योग, मार्शल आर्ट, पिरामिड और सामूहिक नृत्य डीएलएड प्रशिक्षुओं के द्वारा किया गया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि डॉ मुकेश चंद्र अग्रवाल संयुक्त शिक्षा निदेशक ने सभी को शुभाशीष प्रदान किया और कहा कि अपने निजी हित को त्यागते हुए काम करने वाले अपने संस्थान के हित में एक टीम के रूप में काम करना ही खेलकूद सिखाता है।

खेलकूद से बड़ा कोई प्रशिक्षण नहीं। खेलकूद किसी व्यक्ति के सर्वांगीण विकास लिए सम्पूर्ण प्रशिक्षण है। इसी क्रम में मुख्य अतिथि ने खेलकूद प्रतियोगिता की घोषणा की और मशाल जलाकर डीएलएड प्रशिक्षु खिलाड़ियों को मशाल प्रदान कर खेलकूद की औपचारिक शुरूआत की। इसके बाद डीएलएड प्रशिक्षु रोहित प्रताप सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शपथ कराई। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी खेलकूद हरेश कुमार सिंह ने किया।

इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन डीएलएड प्रशिक्षु योगिता अग्रवाल, स्नेहा शर्मा और सोनाली खंडेलवाल ने किया। इस प्रतियोगिता को कराने के लिए ऑफिशियल्स के रूप में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा से डॉ. पदम सिंह, सुरेश सिंह बलभद्र सिंह, सीमा शर्मा, धीरेन्द्र सिंह, मनोज, उमेश शर्मा, हेमराज, लोकेश, तेग बहादुर, अनीता चौधरी, अखलाख, नटवर सिंह खेल मैदान पर मौजूद रहे।

## खड़िया खनन के दौरान ध्वस्त हुई पेयजल लाईन, अब ग्रामीण परेशान

**बागेश्वर।** विकास खंड के भैरूचौबटटा में खान मालिक बालम सिंह द्वारा गत वर्ष खनन के दौरान कई गांवों के लिए बनी पेयजल लाईन को ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा लाईन की मरम्मत किए जाने का वायदा किया परंतु बाद में वायदे से मुकर गया। अब ग्रामीण पानी की बूंद के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से इस मामले की शिकायत की है। उन्होंने खनन कार्य के दौरान हुए नुकसान की भरपाई हेतु अब तक कोई भी कार्रवाई नही होने पर नाराजगी जताई। भैरूचौबटटा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय में खान स्वामी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि विगत वर्ष खनन के दौरान ठेकेदार बालम सिह के द्वारा खनन के दौरान छिड़िया- बहाली-भैरूचौबटटा पेयजल लाईन को ध्वस्त कर दिया था।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को मिला सशक्त संसाधन : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर।** आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त और संसाधन सम्पन्न बनाने की दिशा में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी संसाधन किट का वितरण किया।

कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, कुलपति प्रो. कविता शाह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह और संतकबीरनगर के सीडीओ जयकेश त्रिपाठी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत शिवपति इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र सेखाजोत, महदेवा कुर्मी और रमवापुर के बच्चों ने मनमोहक गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर की पांच-पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट और मेडिकल किट प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे पोषण पोटली, आयुष्मान कार्ड, स्वामित्व योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम सूर्य घर, अंत्योदय कार्ड, कन्या विवाह अनुदान, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान और टीबी मरीजों के लिए निक्षय पोटली के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाणपत्र व सामग्री वितरित की गई। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र



बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने कार्यकत्रियों से कहा कि वे बच्चों को योग, व्यायाम और अनुशासन का पाठ पढ़ाएं। उन्होंने 9 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन अवश्य दिलाने की अपील की, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर से बचाया जा सके। राज्यपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने देश को टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है, और उत्तर प्रदेश में अब तक चार लाख मरीज ठीक हो चुके हैं। उन्होंने थर्ड जेंडर समुदाय के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और समाज में उनकी भूमिका की सराहना की। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि सिद्धार्थनगर गौतम बुद्ध की क्रीड़ा स्थली रही है और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां देश के भविष्य को संवारने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक तीसरे स्थान पर पहुंचने की दिशा में अग्रसर है। डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि जनपद में 3140 आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3.76 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। सक्षम आंगनबाड़ी योजना के तहत 100 आरओ, 100 ईसीसीई किट, 86 एलईडी टीवी, 121 रेन वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट और 100 पोषण वाटिकाओं का निर्माण कराया गया है।

कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर और सीडीओ संतकबीरनगर को अपनी स्वरचित पुस्तक चुनौतियां मुझे पसंद हैं और 100-100 पुस्तकें भेंट कीं। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने आभार ज्ञापन किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया, एडीएम ज्ञान प्रकाश, एएसपी प्रशांत कुमार, पीडी नागेन्द्र शामिल रहे।

# दिल्ली धमाके में मेरठ के मोहसिन की दर्दनाक मौत



वेलकम इंडिया

**मेरठ (जाकिर तुर्क)।** दिल्ली लालकिला के पास हुए भीषण धमाके में मेरठ के रहने वाले ई-रिक्शा चालक मोहसिन की मौत ने सभी को झकझोर दिया। 30 वर्षीय मोहसिन उस वक्त अपनी ई-रिक्शा में सवारियां लेकर जा रहा था, तभी अचानक हुए ब्लास्ट में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक मोहसिन मूल रूप से थाना लोहिया नगर क्षेत्र की शाहजहां कॉलोनी, फतेहल्लेपुर का रहने वाला था। करीब ढाई साल पहले वह अपनी पत्नी सुल्तान और दो बच्चों के साथ दिल्ली रोजगार की तलाश में गया था, जहाँ वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का गुजारा कर रहा था।

ब्लास्ट के दो घंटे बाद जब खबर मोहसिन के घर पहुंची, तो मातम का माहौल छा गया। मोहसिन के पिता रफीक हैंडलूम की फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। परिवार मेरठ में किराए के मकान में रहता है। मोहसिन के पांच भाई और पांच बहनें हैं – सभी मेहनत-मजदूरी कर अपना पेट पालते हैं।

करीब दस साल पहले मोहसिन की शादी दिल्ली के तुर्कमान गेट, चांदनी चौक निवासी सुल्तान से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं बड़ी बेटी हिफजा (11 वर्ष) और बेटा आहद (8 वर्ष)। दोनों अपने पिता के इंतजार में थे, लेकिन अब मोहसिन हमेशा के लिए उन्हें छोड़ गया।परिवार इस बात को लेकर असमंजस में था कि मोहसिन को दिल्ली में दफनाया जाए या मेरठ में अपने पुश्तैनी कब्रिस्तान में। पिता रफीक का कहना है कि वह अपने बेटे को अपने ही कब्रिस्तान में सुपुर्दे-खाक करना चाहते हैं, जबकि पत्नी सुल्तान चाहती हैं कि दफन दिल्ली में हो।

परिजनों का कहना है कि सरकार मोहसिन की पत्नी और बच्चों की आर्थिक मदद करे, ताकि उनके सिर से उठा सहारा किसी हद तक मदद मिल जाने से वापस मिल सके।मोहसिन मेहनतकश था, मेहनत से अपने बच्चों का पेट पालता था किस्मत ने उसे छीन लिया।मोहल्ले के लोगों की आंखें नम हैं।

## निकाह से पहले धमकी, तमंचा तान फरार हुआ आरोपी

**कांधला।** नगर के मोहल्ला मौलानान निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री का निकाह जनपद मुजफ्फरनगर के तितरों में तय हुआ है, जो आगामी 16 नवम्बर 2025 को रोज मैरिज होम कांधला में होना प्रस्तावित है। पड़ोस में रहने वाला सादिक उर्फ गुड्डू पुत्र निजामुद्दीन पहले से शादीशुदा है और चार बच्चों का पिता है। उसका पीड़िता के घर आना-जाना था। बीते सोमवार को पीड़िता के घर हल्दी का कार्यक्रम था। उसी दौरान लड़की की ससुराल पक्ष के लोग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, तभी आरोपी सादिक उर्फ गुड्डू ने अपनी गाड़ी ससुराल पक्ष की गाड़ी के आगे लगाकर उन्हें रोक लिया और धमकी दी कि "जिसके सिर पर सहरा होगा, उसे गोली मार दूंगा।" आरोपी ने तमंचा तानकर मौके पर दहशत फैला दी।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की तलाश की, लेकिन वह पुलिस पहुंचने से पहले फरार हो गया। बाद में आरोपी के परिजनों ने पीड़िता के घर पहुंचकर हंगामा करते हुए निकाह के दौरान गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

# जिलाधिकारी ने ली सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक




वेलकम इंडिया

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभाग की वर्तमान योजनाओं, लंबित परियोजनाओं एवं क्षेत्रवार प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा विभाग की कार्यप्रणाली एवं चल रहे कार्यों की स्थिति की विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को दी गई।

जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने निर्देश दिए कि यदि कोई एक भी किसान खेती कर रहा हो, तो यह सुनिश्चित किया जाए कि सिंचाई का पानी उस तक अवश्य पहुँचे। उन्होंने कहा जिला प्रशासन का प्रमुख दायित्व किसानों और कृषि संरक्षण पर केंद्रित रहना चाहिए।

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को एक माह के भीतर मानसून के पश्चात नहरों की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर उसका प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने, नहरों की वास्तविक स्थिति और रखरखाव की विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि विभागीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन में रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाए और ऐसे कार्य किए जाएं जो लंबे समय तक स्थायी लाभ दें। कहा कि योजनाओं का उद्देश्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि वास्तविक जलप्रवाह और किसान तक सिंचाई का लाभ सुनिश्चित करना है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड बागेश्वर हामिद हसन, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड कपकोट जगत सिंह बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### दिल्ली के लालकिला बम ब्लास्ट में मारे गए लोगों को छात्र-छात्राओं ने दी श्रद्धांजलि



**मथुरा/गोवर्धन।** दिल्ली के लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर एक के पास सोमवार की शाम एक भीषण बम ब्लास्ट हुआ। इस धमाके में लगभग दस लोगों की मौत हो गई।जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई और सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया। मंगलवार को गोवर्धन के नीमगांव कुंजेरा रोड पर स्थित जीएम पैरामेडिकल कॉलेज में छात्र छात्राओं ने मोमबत्ती जलाकर इस हमले में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। और बम ब्लास्ट के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही। कॉलेज के सचिव बृजेन्द्र शर्मा, डॉ बिंदेश दीक्षित, प्रधानाचार्य चंचल कुमार, डॉ ललित कुमार, विशाल सिंघल, नेहा, कन्हैया सैनी, सागर शर्मा, दिव्यांशी, गुरुदेव, रामकुमार, बलदेव, बलराम, विष्णु, मनोज समाधियां ने भावनात्मक पूर्ण श्रंद्धाजलि अर्पित की।

### तहसील क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन




**गरुड़।** तहसील क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने गरुड़ आई जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने डीएम से समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश कोरंगा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की और समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने कहा कि उन्होंने पूर्व में भी क्षेत्र की 101 समस्याओं को लेकर उन्होंने तत्कालीन जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा था, लेकिन समस्याएं जस की तस हैं। जिलाधिकारी ने उन्हें समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।जिपं सदस्य कौसानी बबलू नेगी ने गरुड़ में जनता दरबार लगाकर जनसमस्या सुनने पर डीएम का आभार जताया वही जनता दरबार लगने की सूचना जनप्रतिनिधियों को समय से नही मिलने पर नाराजगी भी जताई।उन्होंने जिलाधिकारी से पहली बार इस तरह जनता दरबार मे समस्याएं सुनने पर जिले के प्रशासनिक मुखिया के रूप में उनकी कार्यशैली की सराहना की।और अपनी पुरानी प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, जिपंस बबलू नेगी, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण आर्या, प्रकाश कोहली, प्रकाश राम, भानु नेगी, दिग्विजय फर्सवाण, हरीश रावत, हरीश भट्ट, शेखर पांडे, राजू दानू आदि मौजूद थे।

### रोजगार मेला, 10 अभ्यर्थियों का हुआ चयन, दिल्ली में मिलेगा प्रशिक्षण

**कांधला।** नगर स्थित इंटर कॉलेज एलम में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का आयोजन एसआईएस इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा किया गया। मेले में सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर पदों पर दर्जनों छात्रों ने भाग लिया।भर्ती अधिकारी प्रिंस ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण दिल्ली स्थित एसआईएस ट्रेनिंग सेंटर में कराया जाएगा, जिसके बाद उन्हें देश के विभिन्न स्थानों पर तैनाती दी जाएगी। रोजगार मेले में क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से दर्जनों युवा पहुंचे, जिनमें से 10 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित युवाओं को शीघ्र ही प्रशिक्षण के लिए दिल्ली भेजा जाएगा।

# नगरपालिका ने सब्जी मंडी में चलाया अतिक्रमण अभियान



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद नगरपालिका द्वारा नगर में बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाए जाते रहे हैं। मंगलवार की सुबह नगरपालिका के अमले ने नगर की सब्जी मंडी में लम्बे समय से पसरे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। अक्सर सब्जी मंडी के बाहर या अंदर विक्रेता अपनी जगह से ज्यादा अतिक्रमण कर लेते हैं, जिससे खरीदारों को दिक्कत होती है और आवागमन बाधित होता है जिसको देखते हुए मंगलवार के दिन पालिका ने अभियान चलाते हुए सब्जी मंडी में बढे हुए अतिक्रमण को हटाकर रास्ता साफ कराया गया। अतिक्रमण अभियान के लिए गठित टीम ने शांतिपूर्वक अतिक्रमण को हटवाया और साथ ही अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी। प्रशासन का कहना है कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण-मुक्त बनाने के लिए यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, बच्चों ने दिखाया शानदार जज्बा



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कंपोजिट विद्यालय, गंगेरू में बेसिक शिक्षा विभाग की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत गंगेरू के सभी परिषद विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में दौड़, खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद, कुश्ती सहित कई खेलों का आयोजन किया गया। 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग, में आबिद, डूनडू खेड़ा, 100 मीटर दौड़, बालक वर्ग, में सुफियान गंगेरू, 50 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में सुमैया (गंगेरू), 200 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में आयशा (गढ़ी दौलत) प्रथम रहीं।कबड्डी (बालक वर्ग) में जूनियर हाई स्कूल गढ़ी दौलत, कबड्डी (बालिका वर्ग) में पीएम श्री विद्यालय गंगेरू, लंबी कूद (बालिका वर्ग) में मंतशा (गंगेरू), खो-खो (बालक वर्ग) में पीएम श्री विद्यालय डूनडू खेड़ा विजेता रहे। कुश्ती में 30 किलो वर्ग में काशिफ (गंगेरू), 35 किलो वर्ग में सियान (अंबेहटा) तथा 40 किलो वर्ग में दानिश (गढ़ी दौलत) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।सभी विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला व्यायाम शिक्षक सचिन चौहान, सुरेंद्र पाल, सत्येंद्र कुमार, नरेश पाल, कासिम शाह, मोहम्मद ताहिर, नरेंद्र कुमार, ओमवीर सिंह, परमेंद्र कुमार, अक्षय कुमार और प्रमोद कुमार सहित कई अध्यापकों का विशेष सहयोग रहा।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पर भाषण प्रतियोगिता, आयोजित

**कांधला।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद तथा सद्भावना कल्चरल क्लब के तत्वाधान में श्री बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "शुभारंभ सप्ताह" (7 से 14 नवंबर 2025) के अंतर्गत एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था, वंदे मातरम का राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को जागृत करना रहा। महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी वाक्पटुता और देशभक्ति का प्रदर्शन किया।निर्णायक मंडल में डॉ. सीमा सिंह, डॉ. लक्ष्मी गौतम एवं डॉ. अंकित त्यागी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा (पुत्री प्रमोद कुमार) ने प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष की सलोनी (पुत्री प्रमोद कुमार) ने द्वितीय स्थान, तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की महक (पुत्री हाजी शाहिद) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी को लगाया चूना, चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**कांधला।** बुलेट पर सवार फर्जी पुलिसकर्मियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर व्यापारी को चकमा देते हुए हजारों रुपए की कीमत की एलईडी ठग ली गई। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस कार्रवाई न होने से व्यापारियों में गहरा रोष व्याप्त है।कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी व्यापारी आदेश की रेलवे रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर दो अज्ञात युवक पहुंचे। उन्होंने खुद को थाना कांधला की खंद्रावली चौकी का पुलिसकर्मी बताते हुए 43 इंच की महंगी एलईडी टीवी ले ली और पैसे देने का बहाना बनाकर फरार हो गए।जब आदेश चौकी पर पहुंचे, तो वहां तैनात दरोगा ने एलईडी मंगवाने और भुगतान की बात से पूरी तरह इनकार कर दिया। व्यापारी ने तुरंत दुकान के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें बदमाशों का चेहरा और बुलेट बाइक स्पष्ट दिखाई दे रही है।

# गिरोह बना चोरी करने वाले गिरोह का पर्दा फाश पुलिस ने छह अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया/फतेह खान

**शुजागंज अयोध्या।** कोतवाली रूदौली पुलिस ने गोगांवा रेलवे क्रासिंग के पास से गिरोह बनाकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दा फाश कर छ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से एक ई रिक्शा, एक आधार कार्ड, चोरी किए गए 60370 रुपए पांच मोबाइल फोन टच स्क्रीन/कीपैड, बरामद किया गया। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त गणों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चला रही थी तभी महिलाओं से टप्पेबाजी/गिरोह बनाकर चोरी करने वाली महिलाओं के गिरोह को चोरी किए गए पर्स एवं पैसों के साथ गोगांव रेलवे क्रासिंग के पास से पांच महिला सहित छह अभियुक्त गणों नादिरा पत्नी अनवर निवासी कस्बा गुन्नौर जनपद सम्भल,

नाजमीन पत्नी अकबर निवासी शिवर्ली किच्छा थाना पूलभटरा रूद्रपुर उत्तराखण्ड, शहनाज पत्नी गुड्डू निवासी रमजान नगर सेक्टर 5 टेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ, समरीन पत्नी तौफीक निवासी रमजान नगर सेक्टर 5 टेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ, नुसरत पत्नी चाँद निवासी रमजान नगर सेक्टर 5 टेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ, सैफुद्दीन पुत्र अजीमुल्लाह निवासी बृन्दावन योजना सेक्टर 5 मकान नम्बर 7/ 31 थाना पीजीआई जनपद लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास एक ई- रिक्शा नम्बर वढ 32 वठ 2902, एक अदद आधार कार्ड, चोरी किये गये 60370 रुपये, 5 अदद मोबाइल फोन (टच स्क्रीन/ की पैड) बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य, निरी0अ0 शत्रुध्न यादव, युवराज सिंह चौकी प्रभारी किला, उ0नि0 मनीष चतुर्वेदी चौकी प्रभारी भेलसर ,उ0नि0 गजेन्द्र कुमार, म0 उ0नि0 दीपशिखा सिंह, म0उ0नि0 स्तुति गुप्ता, का0 अमन कुमार उपस्थित रहे।

# गुलदार ने आठ बकरियों को बनाया अपना निवाला पांच बकरिया लापता

वेलकम इंडिया

**कपकोट।** तनुज तिरूवा कपकोट तहसील क्षेत्रांतर्गत गडेरा गांव में गुलदार का आतंक छाया है।रोज की तरह पशुपालक हयात सिंह अपने बकरियों को पास के जंगल में चरागाह के लिए ले गए थे।तभी जंगल के समीप बकरियां चराते समय कुछ देर दूसरी बकरियों को दूसरी जगह से झुंड में एकत्र करने हेतु दूसरी ओर चारा कर रही बकरियों को एक साथ करने गए।तभी अचानक दूसरी ओर के झुंड में गुलदार ने घात लगाकर हमला कर दिया।पशुपालक जैसे ही कुछ समझ पाते देखते ही देखते गुलदार ने आठ बकरियों को अपना शिकार बना लिया। सूचना के बाद पशुपालक हयात सिंह, ने हो हल्ला शुरू कर दिया।जिसके बाद गुलदार वहां से बकरियों का शिकार कर वहाँ से फरार हो गया।ग्राम प्रधान महेश सिंह ने बताया कि हयात सिंह की बकरियां रोज की तरह चरने जाते थे वहीं मंगलवार सुबह घात लगायें बैठे गुलदार ने 13 बकरियों पर हमला किया। जिसमें से आठ बकरियां मृत अवस्था में मिली जबकि पांच बकरियां अभी भी लापता बताई जा रही है। ग्राम प्रधान महेश सिंह द्वारा वन विभाग को मामले की सूचना दी गई वहीं सूचना मिलते ही वन विभाग कर्मी घटनास्थल पहुंचे। वन दरोगा अक्षय कुमार व वन आरक्षी लीला व वन आरक्षी राजेश मौके पर पहुंचे। वहीं वन विभाग द्वारा काफी खोजबीन के बाद 13 बकरियों में से 8 बकरियों का शव बरामद कर उन्हें पशुचिकित्सा अधिकारी से प्रमाण पत्र हेतु पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। वन दरोगा अक्षय कुमार ने बताया कि लापता पांच बकरियों की खोज जारी है।ग्रामीणों ने आए दिन क्षेत्र में गुलदार का आतंक होने और गुलदार द्वारा मारी गई बकरियों का पशुपालक हयात सिंह को वन विभाग द्वारा मुवाअजा देने की मांग की है। ग्राम प्रधान महेश सिंह ने वन विभाग से गुलदार के भय से बचने के लिए पिंजरा लगाने की अपील की है।

# भजन की कोई उम्र नही होती ध्रुव जी ने 5 वर्ष में ही भगवत प्राप्ति कर लिया : आनंद मिश्रा

संदीप तिवारी। वेलकम इंडिया




**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में दिवंगत सौरभ सिंह की जयंती पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक पंडित परम पूज्य आनंद मिश्रा 'पाराशर' जी ने ध्रुव चरित्र की कक्षा के माध्यम से बताया कि भजन की कोई उम्र नही होती ध्रुव जी ने 5 वर्ष में ही भगवत प्राप्ति कर लिया उनके बताया कि समुद्र मंथन की कथा के माध्यम से बताया कि बाबा विश्वनाथ मान सहित विषपान कर शम्भू भये जगदीश और अपमान से अमृत पान कर राहु ने कटायो शीश।फिर प्रहलाद चरित्र की कथा के माध्यम से बताया कि इस ब्रह्मांड में सर्वशक्तिमान केवल परमात्मा प्रकृति है हिरणकश्यप अपने को ब्रह्मा जी के वरदान के कारण सर्वशक्तिमान समझ रहा था। भगवान ने ब्रह्मा जी के एक-एक वरदान को सत्य करते हुए उसे अत्याचारी का उधार किया।

कथा सुनने के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही कथा दोपहर दो बजे चालू हुआ और शाम छह बजे समाप्त हुआ।इस अवसर पर भाजपा एमएलसी धर्मेन्द्र राय, सुरेश सिंह गौतम, वीरेश सिंह गौतम, संजीव सिंह गौतम, साधना सिंह, योगेश सिंह, डॉ. आशुतोष उपाध्याय, संजय मिश्रा, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', सौम्या सिंह, शालू सिंह, समेत समस्त लोग मौजूद रहे। संगीताचार्य में मयंक पांडेय, अंकित मिश्रा, अभिनव पांडेय, यश त्रिपाठी, विपिन पांडेय रहे।

# एल्यूमीनियम कारोबारी से 5 लाख रुपए ले कर फरार होने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/फतेह खान



**अयोध्या।** थाना पटरंगा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पांच लाख रुपये के गबन के आरोपी पिकअप चालक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के पास से रुपया बरामद किया गया

जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चला रही थी कि स्थानीय थाना में दर्ज धारा 316(2) बीएनएस के तहत एल्यूमीनियम कारोबारी से पांच लाख रुपए के फरार होने वाले अभियुक्त मंगलेश कुमार पुत्र नरेश कुमार, निवासी ग्राम पल्हरी, बाराबंकी को पुलिस ने मियां का पुरवा ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, आरोपी चालक मंगलेश 6 नवम्बर को बाराबंकी जिले के एल्युमिनियम कारोबारी रियाज अंसारी पुत्र अल्ताफ अंसारी का माल लेकर अकबरपुर (अम्बेडकरनगर) गया था। वहां से उसे माल के बदले पांच लाख रुपये मिले थे, जो कारोबारी को देने थे। मगर रुपये मिलते ही उसकी नीयत बदल गई और उसने रकम हड़प ली।आरोपी मंगलेश ने 7 नवम्बर को पिकअप वाहन को पटरंगा क्षेत्र के हाइवे पर खड़ा कर फरार हो गया। मामले की शिकायत कारोबारी रियाज अंसारी ने थाना पटरंगा में दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने उपनिरीक्षक विकास कुमार, प्रिंस तिवारी व कांस्टेबल विशाल यादव की टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू कराई।

# बड़ौत में मान स्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव तैयारियां पूर्ण

वेलकम इंडिया



**बागपत, (विवेक जैन)** त्रिदिवसीय श्री ऋषभदेव मानस्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव, 14 नवंबर से 16 नवंबर तक आचार्य श्री नयन सागर जी महाराज के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य श्री अशोक जैन शास्त्री दिल्ली के दिशा निर्देशन में ,तीर्थंकर ऋषभदेव सभागार,मान स्तंभ सभागार में धूमधाम से मनाया जाएगा। दिगंबर जैन कॉलेज प्रबंध समिति के तत्वावधान में समस्त धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। मानस्तंभ की टोंक पर आचार्य श्री और प्रतिष्ठाचार्य सहित 10 व्यक्ति ही मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराएंगे ।जिसके लिए मजबूत लोहे की पैड बनाई गई है।

प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा ऊपर चढ़कर आज पैड का निरीक्षण किया गया। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि मानस्तंभ निर्माण एवं जीर्णोद्धार श्रीमती सरला - सुरेंद्र कुमार जैन द्वारा, ध्वजारोहण श्रीमति मोनिका- राजेश जैन (खाद वाले) द्वारा और सामग्री श्री रोशन लाल अमित जैन (लोहडड़े वाले) के द्वारा दी गई है।

महोत्सव के सौधर्म इंद्र रोहन- ईशा जैन, कुबेर इंद्र आयुष- शालू जैन और यज्ञनायक अजय- सुनीता जैन , ईशान इंद्र वैभव जैन मनीषा जैन, सनत इंद्र सुधीर जैन पूजा जैन, महेंद्र इंद्र राजेश जैन संगीता जैन और विशेष इंद्र अर्धम जैन होंगे। कलशारोहण श्री प्रदीप पराग जैन द्वारा और अतिथि भोजन श्री सुरेंद्र कुमार पियूष जैन (मटिया परिवार) द्वारा दिया जाएगा। 14 नवंबर को सुबह साढ़े 8 बजे, श्री जी की पालकी यात्रा एवं घटयात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। यात्रा अतिथि भवन से प्रारंभ होकर मानस्तंभ परिसर पहुंचेगी,जहां पर आचार्य श्री के सानिध्य में मांगलिक क्रियाएं संपन्न होंगी। 15 नवंबर को याज्ञमंडल विधान और वास्तु विधान का आयोजन किया जाएगा। 16 नवंबर को सुबह 11 बजे मानस्तंभ पर जिनबिम्ब स्थापना और कलशारोहण,ध्वजारोहण किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान के नेतृत्व में वाराणसी जिला समिति का हुआ गठन



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनित कौशिक के निदेर्शानुसार वाराणसी मे 11 नवम्बर मंगलवार को बजरडीहा स्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा महबूब बेग का जनसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियो मे राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलजारी लाल मौर्य,राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक मोर्चा इरफान खान,प्रदेश महासचिव निरंजन मौर्य एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा डॉ रियाज अंसारी उपस्थित रहे। जनसभा के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा महबूब बेग की मौजूदगी मे जिलाध्यक्ष वाराणसी शाश्वत श्रीवास्तव के द्वारा प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान के नेतृत्व में वाराणसी जिला समिति का गठन हुआ जिसमें वाराणसी के जिला उपाध्यक्ष अमर मटानिया, जिला सचिव विशाल पटेल,जिला सचिव विजय श्रीवास्तव,जिला सचिव सुरेंद्र प्रसाद, विधानसभा अध्यक्ष कैंट हर्षित यादव, विधान सभा अध्यक्ष रोहनिया महेश पटेल की नियुक्तियां हुई।

# नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने विभिन्न क्षेत्रों का किया वृहद निरीक्षण



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद निरीक्षण किया उन्होंने आशापुर चौराहा,सारनाथ क्षेत्र के नान्हूपुर एवं चंद्रा रोड तथा पिसौर शिवपुर आदि का निरीक्षण किया गया।

आशापुर चौराहा पर स्मार्ट सिटी द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त ने चौराहा के आसपास की सफाई व्यवस्था तथा ऑटो स्टैंड की स्थिति का भी जायजा लिया उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य मानक के अनुरूप और निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को शीघ्र सुविधा प्राप्त हो सके। नान्हूपुर और चंद्रा रोड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नियमित रूप से नहीं हो रहा है स्थानीय निवासियों ने बताया कि कूड़ा वाहन उनके क्षेत्र में नहीं पहुंचते इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित संस्था को तत्काल प्रभाव से कूड़ा संग्रहण कार्य प्रारंभ करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का अवलोकन किया और कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण की गति तेज करने के निर्देश भी दिए।

श्री नागपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी कमियों को शीघ्र दूर किया जाए और नागरिक सुविधाओं में सुधार सुनिश्चित हो उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# यातायात जागरूकता माह के तहत छात्रों को दिए गए सुरक्षा के मंत्र



**झांसी।** मंगलवार को लव कुश स्कूल नो नंबर में यातायात जागरूकता माह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यातायात की आदतें विकसित करने के लिए जागरूक करना था मंगलवार को शहर के लव कुश स्कूल नो नंबर में यातायात जागरूकता माह के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित यातायात की आदतें विकसित करना था। कार्यक्रम के आयोजक जगमोहन बड़ोनिया रहे मुख्य अतिथि ट्रैफिक इंचार्ज उमा कांत ओझा का स्वागत किया वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा की पहली शर्त है। उन्होंने छात्रों को बताया कि तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के ड्राइव करना और लाल बत्ती पार करना जीवन को जोखिम में डालने जैसा है इस दौरान वरिष्ठ ट्रैफिक वार्डन शिव प्रताप तिवारी, दिलीप सिंघल संयोजक अतुल किलपन भूपेंद्र खत्री आदि वार्डन मौजूद रहे।

# भीमा फाउण्डेशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाँसी द्वारा किया गया शिविर का आयोजन



**झाँसी।** भीमा फाउण्डेशन द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाँसी के साथ मिलकर पंचायत भवन, बबीना रूरल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाँसी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे निःशुल्क एवं आसान न्याय व अधिकारों तक पहुँच हेतु कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन गयो इस कार्यशाला में न्याय, अधिकार, सामाजिक एवं संवैधानिक मूल्यों व कानूनी समझ को विकसित करते हुए सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गयो इस चर्चा में न्यायाधीश अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाँसी श्री शरद कुमार चौधरी जी ने कहा कि जैसे-जैसे ग्रामीण माहौल की तरफ बढ़ते जाते हैं वैसे ही समुदाय में लिंग व जाति आधारित भेदभाव, असमानता एवं गैर बराबरी का स्तर बढ़ता दिखाई देता है जिसे हम महसूस भी करते हैं और इसका सबसे बड़ा कारण समुदाय में स्वयं की जागरूकता की कमी है और इसको खुद में जागरूकता व बेहतर समझ विकसित करके समाप्त किया जा सकता है ।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत यातायात नियमो को बताया



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर नगीना।** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट व यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर यातायात नियमो को बताया गया भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट नगीना संस्थान द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। बढ़ते सड़क हादसों को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने 11 नवंबर से साप्ताहिक जागरूकता आयोजन की शुरूआत की है। कार्यक्रम का शुभारंभ यातायात सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल सचिन कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, संस्थापक मंजीत बिश्नोई, राष्ट्रीय महासचिव सलाउद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय कोषध्यक्ष अमन जोशी, नितिन पाल, मकसूद उस्मानी, निखिल भटनागर तथा संस्था के पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया।

## डीएम ने बंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में

# प्रांतीय रक्षक दल के स्वयं सेवकों द्वारा मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रांतीय रक्षक दल के स्वयं सेवकों द्वारा मार्च पास्ट को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रांतीय रक्षक दल के स्वयंसेवकों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से कांशीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम तक मार्च पास्ट किया गया। पीआरडी जवानों के दो प्लाटूनों का नेतृत्व क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा. वि. द.अधिकारी रितेश वर्मा ने किया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 07 नवंबर 1875 को बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा लिखित गीत को सर्वप्रथम 1896 के अधिवेशन में रविन्द्र नाथ टैगोर द्वारा गाया गया। यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन का नारा बना। नरम दल, गरम दल के नेताओं के साथ-साथ क्रांतिकारियों ने भी वन्दे मातरम् को स्वतंत्रता मंत्र के रूप में इस्तेमाल किया। सन-1905 के बंग-भंग आंदोलन में यह गीत आंदोलन की प्रेरणा बना। लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, अरविंद घोष और सुभाष चंद्र बोस जैसे नेताओं ने इसे अपने आंदोलनों में अपनाया। स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय गीत के रूप में श्वंदे मातरम्श् को 24 जनवरी 1950 को मान्यता मिली। मूल रूप से यह गीत संस्कृत और बांग्ला में लिखी गई थी।

पीआरडी जवानों के मार्च पास्ट के आयोजक जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी रामप्रताप सिंह ने वंदे - मातरम् के महत्व को रेखांकित करते हुए मार्च पास्ट में प्रतिभाग किए पीआरडी जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# वाराणसी में निमार्णाधीन होटल परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में 11 नवम्बर मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत होटल मानचित्रों के संबंध में बैठक की गई बैठक में ताज गंगेस ग्रुप,द थिओसोफिकल सोसाइटी,होटल मोमेंट्स, दयाल बनारस,सेंट्रम होटल एवं पुलमैन सहित विभिन्न होटल परियोजनाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे उक्त सभी समूहों द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में संचालित निमार्णाधीन होटल परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा द्वारा ली गई बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों से संबंधित यदि किसी प्रकार के विधिक या तकनीकी मुद्दे उत्पन्न होते हैं तो उनकी सूचना तत्काल प्राधिकरण को दी जाए ताकि उन्हें शीघ्रता एवं प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जा सके। उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा के द्वारा बताया गया कि वाराणसी जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगर में होटल परियोजनाओं की प्रगति शहर की आर्थिक एवं पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है अतः सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए मौके पर नगर नियोजक प्रभात कुमार उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक मोर्चा वाराणसी कमेटी का किया गया गठन



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी जागरूकता अभियान मे बजरडीहा स्थित अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महबूब बेग का वाराणसी मे हुआ आगमन । जागरूकता अभियान के क्रम मे अल्पसंख्यक मोर्चा के बैनर तले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योजना के प्रचार प्रसार हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा वाराणसी कमेटी का गठन किया गया जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी जिसके बाद प्रशस्ति पत्र देकर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गयी कार्यक्रम मे उपस्थित कार्यकताओं द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर किया गया सम्मानित और दी गयी बधाई।

नवनियुक्त पदाधिकारियों मे मुख्य रुप से मोहम्मद रेयाज अंसारी प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष,जमीर हसन जिला उपाध्यक्ष, नासिर हुसैन महासचिव, जिला मंत्री शाहनवाज खान, जिला उप महामंत्री शाहनवाज अहमद, मोहम्मद साहिल सोशल मीडिया सहित अन्य सदस्यगण शामिल रहे।

# दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के बाद जिलेभर में अलर्ट

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर।** सोमवार की शाम को दिल्ली स्थित लाल किला एरिया में कार ब्लास्ट हुआ। जिसमे 10 लोगों की मौत हो गयी और दर्जनों घायल हैं। ये ब्लास्ट एक कार में हुआ था जिसके बाद बिजनौर में भी पुलिस महकमे ने अलर्ट जारी कर दिया। पुलिस ने रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर चेकिंग अभियान चलाया।

बिजनौर रेलवे स्टेशन पर सोमवार के शाम चेकिंग के साथ वहां मौजूद यात्रियों के सामान की तलाशी ली गई। इसके साथ ही स्टेशन पर यूं ही घूमने वाले लोगों को हिदायत देकर घर भेज दिया गया।

बता दें सोमवार को दिल्ली में लाल किला के पास एक कर में धमाका हुआ है जिसमें कई लोगों की जान चली गई है सार्वजनिक जगहों पर पुलिस की चैकिंग कर रही है जिसके बाद से देश भर में अलर्ट है।

बिजनौर जिले में पुलिस देर रात तक सार्वजनिक स्थानों पर जाकर चेकिंग करती रही। बताया जा रहा हैं की दिल्ली में एक कार में ये ब्लास्ट हुआ हैं। कार हरियाणा नंबर की थी और उसने कई अन्य गाड़ियों को भी अपनी चपेट में लिया। जिसमे अब तक 10 लोगों के मरने की पुष्टि हो गई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता , गुलदार के हमले की आशंका

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार किरतपुर ।क्षेत्र के शाहपुर सुक्खा गांव में मंगलवार सुबह एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। घटना ने ग्रामीणों में बेचैनी और चिंता बढ़ा दी है। शुरूआती आशंकाएँ गुलदार के संभावित हमले की ओर इशारा कर रही थीं, हालांकि वन विभाग ने इसके स्पष्ट सबूत नहीं मिलने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय रमा, पत्नी दीपक जोशी, रोज की तरह सुबह छह बजे घर की साफ-सफाई के बाद कूड़ा लेकर गांव के बाहर खेत की ओर गई थीं। लेकिन जब वह आधे घंटे से अधिक समय तक वापस नहीं लौटीं, तो परिवार और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। खेत के पास रमा की बाल्टी और शाल पड़ी मिली। लेकिन रमा का कोई पता नहीं चला। यह देखकर पति दीपक और गांव के लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर डिप्टी रेंजर नीतीश कुमार और थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी मौके पर पहुंचे। दल ने आसपास के खेतों और झाड़ियों में तलाश की, लेकिन गुलदार के पंजों या घसीटने के कोई निशान नहीं पाए गए। रमा स्थानीय सरकारी विद्यालय में रसोइया के रूप में कार्यरत थीं। गांव में उनके लापता होने को लेकर तरह-तरह की चर्चा है। क्षेत्राधिकारी नितीश सिंह ने कहा कि अब तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है, लेकिन पुलिस और वन विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है। स्थानिय ग्रामीणों की एक टीम, वन विभाग और पुलिस लगातार महिला की खोज में जुटे हैं।

# समय पर बुवाई और जीरो टिलेज से बढ़ाएँ गेहूं की पैदावार : डॉ.सुधांशु सिंह

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** डॉ.सुधांशु सिंह आइसार्क निदेशक ने कहा की उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है जो भारत के कुल गेहूं उत्पादन का एक-तिहाई से अधिक हिस्सा देता है गेहूं की खेती राज्य के लाखों किसानों की आजीविका का आधार है लेकिन ह्यनजरों से ओझलह्न एक समस्या हर साल गेहूं की पैदावार घटा रही है वो है देर से बुवाई गेहूँ की बुवाई में देरी ज्यादातर इसलिए होती है कि राज्य के अधिकांश किसान खरीफ मौसम में लंबी अवधि की धान की किस्में लगाते हैं और उन्हें पानी भरे खेतों में रोपाई के जरिए उगाते हैं इस पद्धति में खेत की तैयारी में अधिक समय लगता है और जब तक धान की कटाई होती है तब तक गेहूं बोने का सही समय निकल चुका होता है पूर्वी उत्तर प्रदेश में यह समस्या सबसे अधिक व्याप्त है जहां लगभग 60 प्रतिशत गेहूं की बुवाई देर से होती है।

वैज्ञानिक शोध बताता है कि धान की कटाई का गेहूं की बुवाई से सीधा संबंध है 1 नवंबर के बाद धान की कटाई में हर एक दिन की देरी से गेहूं की बुवाई में 0.8 दिन की देरी होती है देर से बुवाई होने पर गेहूं की फसल पकते समय अधिक गर्मी का सामना करती है जिससे दाने सिकुड जाते हैं पैदावार कम हो जाती है और मंडी में दाम भी कम मिलते हैं गेहूं बोने का सबसे अच्छा समय 1 से 20 नवंबर तक है इस अवधि में बोए गए गेहूं को सर्दी का पूरा फायदा मिलता है जिससे अधिक



फुटाव होता है और दाने भी बेहतर विकसित होते हैं लेकिन अगर बुवाई 20 नवंबर के बाद होती है तो प्रति हेक्टेयर प्रतिदिन 40झ50 किलोग्राम पैदावार की हानि होती है अध्ययनों से पता चला है कि केवल समय पर बुवाई सुनिश्चित करके ही किसान किसी अतिरिक्त लागत के बिना 69 प्रतिशत तक ज्यादा पैदावार पा सकते हैं वास्तव में कृषि क्षेत्र में समय ही सबसे बड़ा निवेश है।

किसानों के खेतों में गेंहू की समय पर बुवाई सुनिश्चित करने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आइसार्क),वाराणसी कई नवाचारों पर काम कर रहा है खासकर विश्व बैंक समर्थित यूपीएग्रीज परियोजना के तहत धान की सीधी बुआई (डीएसआर) इससे धान की कटाई 7झ10 दिन पहले हो जाती है साथ ही पानी,मजदूरी और डीजल की भी बचत होती है। मशीन से कटाई और अवशेष प्रबंधन खेत जल्दी खाली हो जाते हैं (3झ4 दिन की बढ़त) और पराली जलाने की जरूरत नहीं पड़ती जीरो टिलेज गेहूं इस पद्धति में खेत को जोतने की जरूरत नहीं होती जिससे समय पर बुवाई की जा सकती है इससे मिट्टी की नमी बनी रहती है मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरता है मजदूरी व ईंधन दोनों की बचत होती है जीरो टिलेज से किसान अब लंबे समय वाली, अधिक उपज देने वाली गेंहू की किस्में भी अपना सकते हैं उन्नत किस्में छोटी और मध्यम अवधि की धान की किस्में (इनब्रेड/हाइब्रिड) और ताप-सहनशील गेहूं की किस्मों को अपनाना जरूरी है इन कृषि उपायों को अपनाकर उत्तर प्रदेश के कई जिलों में किसानों को बेहतर पैदावार,कम लागत और अच्छी मिट्टी की स्थिति का लाभ मिल रहा है।

बदलते जलवायु परिदृश्य में समय पर गेहूं की बुवाई पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है अब देर सर्दियों में तापमान अपेक्षाकृत जल्दी बढ़ने लगता है जिससे देर से बोई गई फसल को गर्मी का झटका लगता है और दानों का भराव प्रभावित होता है समय पर बुवाई से फसल के प्रमुख विकास चरण ठंडी सर्दियों के अनुकूल वातावरण में पूरे होते हैं जिससे उच्च उपज और बेहतर दाने की गुणवत्ता सुनिश्चित होती है।

उत्तर प्रदेश के किसान देश की खाद्य सुरक्षा के सच्चे रक्षक हैं अगर वे समय पर बुवाई और नई तकनीकों को अपनाएं,तो न सिर्फ उत्पादन बढ़ा सकते हैं बल्कि अपनी आय और मिट्टी दोनों को सुरक्षित रख सकते हैं। आज राज्य में लगभग 97 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं बोया जाता है जिससे हर साल 320झ340 लाख टन गेहूं पैदा होता है आने वाले वर्षों में यह उत्पादन 450झ500 लाख टन तक बढ़ाया जा सकता है ।

# दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद सहारनपुर में हाई अलर्ट घोषित





वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी

**सहारनपुर।** सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में जनपद सहारनपुर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गागलहेडी थानाध्यक्ष प्रवेश शर्मा के कुशल नेतृत्व में गागलहेडी थाना क्षेत्र की उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड बॉर्डर पर स्थित गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी पर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही जारी है। वही जनपद सहारनपुर की सीमाओं पर लगे बैरियरों पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है तथा पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निदेशों के साथ ब्रीफ कर ड्यूटी पर तैनात किया गया है- एसएसपी आशीष तिवारी ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके- साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु हर स्तर पर निगरानी और कड़ी चौकसी बरती जा रही है।

चेकिंग के दौरान गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी इंचार्ज सौरभ यादव व हेड कांस्टेबल देवेन्द्र राणा व कांस्टेबल राहुल छोकर आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मोदी आईफा आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गैलेड बिल्डिंग स्थित मोदी आर्ट गैलरी में इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आईफा के शिक्षक गढ़ प्रशांत झा व शीतल रानी एवं छात्राएं मेघा दीक्षित एवं कशिश ने कला प्रदर्शनी का आयोजन किया।इस प्रदर्शनी का उद्घाटन सुरेश मीणा( मोदी पैकेजिंग इंडस्ट्रीज, प्रोफेसर डॉ. अलका तिवारी (कोऑर्डिनेटर फाइन आर्ट्स चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ), काजी एम राघीब( प्रसिद्ध आर्ट डायरेक्टर एवं आर्ट क्रिटिक) सीताराम मीणा( रिटायर्ड आई.ए.एस) राजीव कुमार शो( सीनियर एग्जीक्यूटिव इंडिया टीवी) इन सभी विशिष्ट अतिथियों ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया । विशिष्ट अतिथियों ने प्रत्येक कलाकृति को बारीकी से देखा एवं कलाकारों ने अपनी कलाकृति के बारे में जानकारी दी। अतिथियों ने कलाकारों की प्रशंसा की एवं



कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। कला प्रदर्शनी में बेस्ट मटेरियल से निर्मित बहुत ही बहुत ही सुंदर आकर्षक स्कल्पचर प्रदर्शित थे जो अतिथियों एवं दर्शकों मन मोह रहे थे । कार्यक्रम के अंत में संस्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा एवं डॉ. रुचि विद्यार्थी ने सभी विशिष्ट अतिथियों एवं मीडिया प्रभारियों को गले में शॉल डालकर एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अवनी ने कियो यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक खुली रहेगी।इस अवसर पर भाजपा नेता प्रदीप बॉस, आर.सी शर्मा उपस्थित थे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारी भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, डॉ. रूचि विद्यार्थ,प्रीति शर्मा, प्रशांत झा, शीतल रानी, दीपांशु,रीता घोष, अंजलि रानी, स्वीटी, आभा शर्मा, पलक आदि का भरपूर सहयोग रहा।

# सुश्री अंजु रानी असिस्टेंट प्रोफेसर को सम्मानित किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदी आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी आयोजन किया गया।जिसमें सुश्री अंजु रानी असिस्टेंट प्रोफेसर अनुज गोयल कॉलेज ऑफ लॉ को सम्मानित किया गया। सुश्री अंजु रानी असिस्टेंट प्रोफेसर, अनुज गोयल कॉलेज ऑफ लॉ को शिक्षा एवं समाज सेवा में विशिष्ट उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सुश्री अंजु रानी असिस्टेंट प्रोफेसर,के मंगलमय भविष्य की कामना की गई।

## नगर निगम परिसर में बाहरी लोगों के धरना-प्रदर्शन पर सख्त रोक लागू

**गाजियाबाद।** नगर निगम परिसर में अब बाहरी लोगों के धरना-प्रदर्शन और अनाधिकृत वाहन खड़े करने पर कड़ी रोक लगा दी गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों को इस नई व्यवस्था को लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत निगम परिसर में प्रवेश केवल निगम पार्षद और मीडिया कर्मियों के लिए निर्धारित किया जाएगा, जिन्हें प्रवेश के लिए विशेष प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में निगम परिसर में बाहरी लोगों द्वारा बार-बार धरना-प्रदर्शन किया गया और कई संगठन बाहरी नेतृत्व में सक्रिय रहे। ऐसे मामलों को देखते हुए प्रशासन ने परिसर में सख्त निगरानी और नियम लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सिहानी गेट थाना प्रभारी को अपने कार्यालय बुलाकर निर्देश दिए कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति निगम परिसर में धरना या प्रदर्शन करता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि निगम परिसर में रात के समय और दिन में वाहनों के खड़े रहने की समस्या भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत वाहनों को तत्काल जब्त किया जाएगा।

# विधानसभा 57 मोदीनगर में कुल 3,34,765 मतदाताओं का सत्यापन किया जायेगा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** विधानसभा 57 मोदीनगर में कुल 3,34,765 मतदाताओं का सत्यापन किया जायेगा तथा निम्नानुसार कार्य किये जायेगें ।उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह एवं तहसीलदार मोदीनगर रजत सिंह के द्वारा क्षेत्र में निरीक्षण किया ।विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही के दौरान बूथ लेविल अधिकारी (बी0एल0ओ0) द्वारा अपनें मतदेय स्थल के समस्त मतदाताओं से सम्पर्क करते हुए प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र 02 प्रतियों में उपलब्ध कराया जायेगा और उन्हे गणना प्रपत्र भरने में सहायता प्रदान की जायेगी ।बूथ लेविल अधिकारी (बी0एल0ओ0) प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना प्रपत्र वितरण एंव संग्रह करनें का



कार्य करेंगे ।यदि किस बूथ लेविल अधिकारी को कोई घर बंद अथवा ताला लगा हुआ मिलता है, तो वह गणना प्रपत्र को घर के अन्दर स्लिप कर दिया जायेगा और भरा गणना प्रपत्र प्राप्त करनें हेतु कम से कम 03 बार उस घर का भ्रमण किया जायेगा।-बी0एल0ओ0 द्वारा इस बात का भी ध्यान रखा जायेगा कि वृद्ध, बीमान, दिव्यांग, निर्धन एंव अशक्त समूहों के मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्राप्त करनें एंव भर कर जमा करनें में कोई असुविधा न हों ।गणना प्रपत्र का प्रथम भाग आंशिक रूप से भरा हुआ होगा, जिसमें मतदाता का नाम, एपिक संख्या, भाग संख्या, क्रम संख्या एंव विधानसभा का नाम एंव राज्य की प्रविष्टियां पहले से ही भरी होंगी तथा फोटो भी पहले से मुद्रित होगा ।बी0एल0ओ0 द्वारा मतदाता से उसका नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो भी गणना प्रपत्र पर चस्पा करवाया जायेगा। 2003 की मतदाता सूची में निम्न बेवसाइट पर जाकर अपना नाम चेक कर सकता। उपरोक्त कार्य के संबंध में उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार मोदीनगर के द्वारा क्षेत्र में निरीक्षण किया गया।

# दिल्ली धमाके के बाद पुलिस उपायुक्त ग्रामीण ने चेकिंग अभियान चलाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली लाल किला के निकट धमाके के बाद पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी द्वारा बम डिस्पोजल स्क्वायड एवं डॉग स्क्वायड के साथ मोदीनगर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मुख्य मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया गया एवं अधीनस्थ पुलिस बल को सतर्कता के साथ सघन चेकिंग करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त अमित कुमार सक्सेना, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# डी पी एस मोदीनगर में चल रहे टैलेंट कार्निवल का दूसरा दिन रहा खेलों को समर्पित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डीपीएस मोदीनगर में पाँच दिवसीय टैलेंट कार्निवल का दूसरा दिन उत्साह और जोश से भरपूर रहा। विद्यालय परिसर में छात्रों की ऊर्जा और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे विद्यालय का वातावरण प्रतिस्पर्धा और उमंग से सराबोर था। दिनांक 11 नवम्बर 2025 को टैलेंट कार्निवल का दूसरा दिन पूरी तरह से खेल को समर्पित रहा। ₹स्पोर्ट्स फिएस्टा₹ में छात्रों ने विविध खेलों में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चैयरमेन डॉ. विक्रम गांधी और विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी उपस्थित रहीं। छात्रों ने फूटसाल, क्रिकेट मैच, स्केटिंग रेस, शतरंज और कैरम जैसे खेलों में भाग लिया। खेलों का उत्साह और जोश विद्यार्थियों में साफ तौर पर देखा गया, और उन्होंने अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। डीपीएस के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने संबोधन में कहा, ह्लखेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शारीरिक विकास में मदद करते हैं, बल्कि मानसिक और सामाजिक कौशल भी विकसित करते हैं ।ह्व ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने भी छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, ह्लजीत और हार दोनों ही जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन खेलों के माध्यम से हम जो कुछ भी सीखते हैं, वही सबसे महत्वपूर्ण है। प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने कहा, खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व कौशल को भी बढ़ाते हैं।



# जीडीए वीसी नन्द किशोर कलाल ने कई योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने आज प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण का आरंभ इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से किया गया, जिसे हाल ही में प्राधिकरण को हैंडओवर किया गया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए कि भवन के सुचारु संचालन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ई.ओ.आई.) शीघ्र आमंत्रित किया जाए ताकि भवन का रखरखाव एवं प्रबंधन व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों ने अवगत कराया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार भवन की देखरेख अब प्राधिकरण स्तर से की जा रही है। इसके पश्चात उपाध्यक्ष महोदय ने तुलसी निकेतन योजना के भवनों का निरीक्षण किया तथा री-डेवलपमेंट योजना से संबंधित



संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कोयल इन्क्लेव योजना में उपाध्यक्ष कलाल ने रामायण थीम पार्क की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्क का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि थीम पार्क का कार्य सितंबर 2026 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोयल इन्क्लेव के बहुमंजिला भवनों का भी जायजा लिया और निर्देश दिए कि अनसोल्ड भवनों के विक्रय एवं निस्तारण हेतु शीघ्र कार्ययोजना बनाई जाए, साथ ही क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में सुधार लाया जाए। उपाध्यक्ष महोदय ने सिटी फॉरेस्ट (लंग्स ऑफ गाज़ियाबाद) का भी स्थलीय निरीक्षण किया और इसके विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सिटी फॉरेस्ट का विकास जनहित को ध्यान में रखते हुए गुणवत्ता के उच्च मानकों पर किया जाए। इसी क्रम में छठ घाट के जीर्णोद्धार कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि यह कार्य भी जनसुविधा को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए।

अंत में उपाध्यक्ष कलाल ने कहा कि गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण की सभी परियोजनाएँ जनसुविधा एवं शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को शीघ्र सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु सभी परियोजनाओं को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण किया जाए।

# आदेशों की अवेहलना पर न्यायालय सख्त नोएडा के एक थाना प्रभारी का वेतन रुका

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर ।** जिला परिवार न्यायालय ने न्यायिक आदेशों की अवहेलना होने पर सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने सेक्टर-63 थाना प्रभारी का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान में इंस्पेक्टर अवधेश प्रताप सिंह सेक्टर 63 थाना प्रभारी है। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बुद्धि सागर मिश्र ने इस संबंध में पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर को पत्र भेजा है, जिसमें कहा गया है कि न्यायालय द्वारा जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट का बार-बार अनुपालन न करने को गंभीरता से लिया गया है। मामला फौजदारी प्रकरण पूजा देवी आदि बनाम रोहित से जुड़ा है, जो दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण वाद से संबंधित है. अदालत ने बताया कि विपक्षी




प्रमोद यादव, निवासी गांव हजरतपुर वाजिदपुर, सेक्टर-63 नोएडा न्यायालय के आदेश के बावजूद भरण-पोषण की राशि जमा नहीं कर रहा है। अदालत ने कई बार भरण-पोषण की राशि जमा कराने और अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया, लेकिन लगातार अनदेखी की गई. इस पर न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, जिसे सेक्टर-63 थाना पुलिस ने अब तक लागू नहीं किया। प्रधान न्यायाधीश ने इसे न्यायिक आदेशों की खुली अवहेलना माना और कहा कि यह आचरण न्याय प्रणाली की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है. उन्होंने आदेश दिया कि थानाध्यक्ष सेक्टर-63 का वेतन अगले आदेश तक रोका जाए तथा की गई कार्रवाई की जानकारी 28 नवंबर 2025 से पहले न्यायालय को भेजी जाए।

# अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता ब्रह्मदेव त्यागी को जबरदस्त समर्थन, अधिवक्ताओं की पहली पसंद बने






### अपने घोषणा-पत्र में ब्रह्मदेव त्यागी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रहेगी

- कचहरी परिसर में जलभराव और स्वच्छता की समस्या का स्थायी समाधान,
- शौचालयों का दुरुस्तीकरण और चेंबर निर्माण में तेजी,
- मेडिकल सुविधा केंद्र की स्थापना,
- न्यायिक परीक्षा की तैयारी कर रहे अधिवक्ताओं के लिए विशेष सहयोग योजनाएँ,
- साथ ही बार–बेंच और प्रशासन के बीच समन्वय को भी वे सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

**वेलकम इंडिया**

**गाज़ियाबाद**। बार एसोसिएशन 2025-26 के चुनाव में अधिवक्ता ब्रह्मदेव त्यागी को मिल रहा अभूतपूर्व समर्थन चुनावी माहौल में नई ऊर्जा भर रहा है। अधिवक्ताओं के बीच वे अब एकमात्र सशक्त और सर्वसम्मति से पसंदीदा प्रत्याशी के रूप में उभरे हैं। ब्रह्मदेव त्यागी, जो पहली बार चुनावी मैदान में हैं, अपनी ईमानदार छवि, गहरी विधिक समझ,मधुर व्यवहार और निष्पक्ष कार्यशैली के बल पर अधिवक्ता समाज के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। कचहरी परिसर में वे जूनियर अधिवक्ताओं के मार्गदर्शक और साथी के रूप में हमेशा तत्पर रहते हैं। विदित हो कि 14 नवम्बर 2025 को गाज़ियाबाद बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न होंगे। इस बीच, अधिवक्ताओं में ब्रह्मदेव त्यागी को मिल रहा भारी समर्थन यह संकेत देता है कि अधिवक्ता समाज बदलाव और पारदर्शिता की दिशा में अग्रसर है। समर्थकों का कहना है – यदि ब्रह्मदेव त्यागी अध्यक्ष बनते हैं, तो गाज़ियाबाद बार एसोसिएशन एक नए युग में प्रवेश करेगी – जहाँ अधिवक्ताओं की आवाज न केवल सुनी जाएगी, बल्कि उसका सम्मान भी होगा। ईमानदारी, सेवा और समर्पण की पहचान – अधिवक्ता ब्रह्मदेव त्यागी। अधिवक्ताओं की उम्मीद, एक मजबूत नेतृत्व की प्रतीक।

## दिल्ली बम ब्लास्ट की संवेदनशीलता का महत्व के अनुरूप गाजियाबाद पुलिस की जांच तेज



**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं यातायात कमिश्नरेट गाजियाबाद आलोक प्रियदर्शी द्वारा पुलिस बल के साथ नेहरू नगर स्थित शॉपिंग मॉल एवं पार्किंग एरिया में चेकिंग अभियान चलाया गया एवं अधीनस्थ पुलिस बल को सतर्कता के साथ सघन चेकिंग करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली रितेश त्रिपाठी द्वारा मेट्रो स्टेशन नया बस अड्डा एवं आरआरटीएस पार्किंग एरिया में डॉग स्क्वॉड एवं यूपीएसएसफ टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया एवं अधीनस्थ पुलिस बल को सतर्कता के साथ सघन चेकिंग करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## कार शोरूम के खिलाफ किसानों का गुस्सा उफान पर

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। मेरठ रोड स्थित उत्तम टोयोटा कार शोरूम के खिलाफ किसानों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। किसान पिछले कई दिनों से शोरूम प्रबंधन की मनमानी और धोखाधड़ी के आरोपों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को जहां किसानों ने शोरूम के बाहर खाना बनाकर और हुक्का गुडगुड़ाते हुए शांतिपूर्ण धरना दिया था, वहीं मंगलवार को मामला और गरमाता नजर आया। आज सुबह से ही जिले के विभिन्न इलाकों से किसान अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ मेरठ रोड पर पहुंचने लगे, जिससे पूरे इलाके में जाम की स्थिति बन गई। शोरूम के सामने दर्जनों ट्रैक्टरों की कतारें लगने से यातायात बाधित हो गया। हालांकि किसानों ने कोशिश की कि ट्रैक्टरों को सर्विस रोड और अन्य खाली जगहों पर लगाया जाए, फिर भी मुख्य मार्ग पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। धरना स्थल पर किसानों की बढ़ती भीड़ के बीच प्रशासन और पुलिस भी सतर्क नजर आई। इस प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के जिलाध्यक्ष चौधरी बिजेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि शोरूम प्रबंधन ने किसान नेता महेश यादव को एक खराब कार दी और बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो गाड़ी की अदला-बदली की जा रही है।

## जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी लाएं विभाग

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद**। नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित 'संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नागरिकों से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान कुल चार संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें निर्माण विभाग, जलकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और कर (टैक्स) विभाग से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। नगर आयुक्त ने इन सभी संदर्भों पर विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि नागरिकों की शिकायतों का समाधान समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से किया जाए। नगर आयुक्त ने कहा कि 'संभव मंच नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से जनसामान्य अपनी समस्याएं सीधे नगर निगम के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त चारों संदर्भों पर विभागों ने मौके पर ही कार्रवाई शुरू कर दी। ग्राम करहेड़ा से प्राप्त गृहकर (हाउस टैक्स) संबंधी शिकायत पर कर विभाग ने रिकॉर्ड की जांच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। दीनदयाल पुरी, नंदग्राम क्षेत्र से निर्माण विभाग से जुड़ा संदर्भ प्राप्त हुआ, जिस पर टीम ने स्थल निरीक्षण कर तत्काल समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की। सदरपुर मार्ग से रोड स्वीपिंग और पानी छिड़काव से संबंधित शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफाई व छिड़काव कार्य कराया। वहीं जलकल विभाग को भी जल आपूर्ति से जुड़ी शिकायत प्राप्त हुई, जिस पर विभागीय कर्मचारियों ने आवश्यक कदम उठाए।

## डेंगू का कहर, लगातार बढ़ रहे मरीज, पिछले 24 घंटे में दो नए डेंगू के केस

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। जिले में डेंगू के मामलों में धीरे-धीरे कमी के बावजूद हाल के 24 घंटे में दो नए मरीज सामने आए हैं। सरकारी लैब से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, कैला भट्टा की 15 वर्षीय किशोरी और मोदीनगर का 29 वर्षीय पुरुष डेंगू से संक्रमित पाए गए। इसके साथ ही जिले में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या अब 305 तक पहुँच गई है। जिला एमएमजी अस्पताल के डेंगू वार्ड में वर्तमान में दो डेंगू मरीज और नौ गंभीर बुखार के मरीज भर्ती हैं। मलेरिया के कुल मरीजों की संख्या 86 दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जिले में सक्रिय निगरानी रखी है और अलग-अलग क्षेत्रों में 216 घरों का सर्वेक्षण किया, जिसमें 45 घरों में डेंगू मच्छर के लार्वा नष्ट किए गए। संबंधित लोगों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि दो अक्टूबर से 10 नवंबर तक डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में किए गए सर्वे में दो बार लार्वा मिलने पर 75 लोगों को नोटिस जारी किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने पर जुमार्ना और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने यह भी बताया कि बुखार के मरीज तो बढ़ रहे हैं, लेकिन डेंगू जांच कराई गई रिपोर्ट में संक्रमित मामलों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। जिले में डेंगू और मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में पांच दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नर्सरी, गोदाम, सार्वजनिक स्थल और स्कूलों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाएगा।

## कौशांबी ए-ब्लॉक में बढ़ेगी सुरक्षा, वेलफेयर एसोसिएशन ने लगाए सीसीटीवी कैमरे

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद**। कौशांबी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। ए ब्लॉक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा क्षेत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को मुख्य सड़क पर स्थित एंजेल मॉल के सामने सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों का उद्घाटन भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि आज के समय में सीसीटीवी कैमरे न केवल सुरक्षा का प्रतीक हैं बल्कि अपराध नियंत्रण और निगरानी के लिए एक प्रभावी माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वेलफेयर एसोसिएशन का यह कदम सराहनीय है। नागरिकों की भागीदारी से ही क्षेत्र सुरक्षित, स्वच्छ और विकसित बन सकता है। पुलिस और प्रशासन को भी ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहन देना चाहिए। डॉ. गोयल ने आगे कहा कि कौशांबी क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी हैं–चाहे वह सड़कों का निर्माण हो, पार्कों का सौंदर्यीकरण या स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से ही इन कार्यों को समय पर पूरा किया जा सका है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने मोहल्ले की स्वच्छता, सुरक्षा और विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करें ताकि कौशांबी पूरे गाजियाबाद के लिए एक आदर्श कॉलोनी बन सके। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने पार्षद डॉ. मनोज गोयल के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पार्षद के प्रयासों से क्षेत्र में सड़कें, नालियां और लाइटिंग जैसी कई मूलभूत सुविधाओं में सुधार हुआ है।

## जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने कई परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद**। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने मंगलवार को प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेना, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और समयबद्ध कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान देना था। निरीक्षण का आरंभ इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से किया गया। उपाध्यक्ष श्री कलाल ने निर्देश दिए कि भवन के सुचारु संचालन के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ई.ओ.आई.) शीघ्र आमंत्रित किया जाए, ताकि भवन का रखरखाव एवं प्रबंधन व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार भवन की देखरेख अब प्राधिकरण स्तर से की जा रही है। इसके पश्चात उपाध्यक्ष महोदय ने तुलसी निकेतन योजना के भवनों का निरीक्षण किया और री-डेवलपमेंट योजना से संबंधित संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समयसीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए। कोयल इन्क्लेव योजना में उपाध्यक्ष श्री कलाल ने रामायण थीम पार्क की प्रगति का निरीक्षण किया।

**CORRIGENDUM NOTICE**

Ref: Tender No. 001/Oxy Homez/BRP/2025-26 dated 28.10.2025 Building Repair & Painting of Oxy Homez, Ghaziabad (2025–26) The Annexure 1 in the tender document has been revised. Bidders may obtain details by mail at: **aoa@oxyhomez.co.in**

**Oxy Homez Apartment Owners Association (AOA) Loni-Bhopura Road, Ghaziabad-201102**

## लोनी में घर के बाहर महिला की गोली मारकर हत्या

**लोनी**। लोनी थाना क्षेत्र की अशोक विहार कॉलोनी में सोमवार रात एक महिला की घर के बाहर चारपाई पर सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना पूरे इलाके में सनसनी फैलाने वाली है। महिला को तीन गोलियां लगीं, जिसके बाद उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और फिर दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़िता का नाम नसीम सीमवार बताया गया है, जो सानिया सिटी में रहती थीं। उनके परिवार में चार बेटे और चार बेटियां हैं। पुत्र गुफरान ने बताया कि परिवार दो मकानों में रहता है और उनकी मां रोजाना की तरह रात को घर के बाहर गली में चारपाई पर सो रही थीं।

## दिल्ली बम धमाके में शहीदों को राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने दी श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। दिल्ली में हुए भीषण बम धमाके में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों की याद में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया और उनकी आत्माओं की शांति के लिए कविनगर में मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने की। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत मौन रखकर की गई, इसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने मोमबत्तियां जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की। उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि यह आतंकवादी घटना न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश की आत्मा को झकझोर देने वाली है।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह बम धमाका पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की एक और कायराना करतूत है, जिसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। वक्ताओं ने संसद हमले की वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर इस हमले को एक सुनियोजित षड्यंत्र बताया और भारत सरकार से मांग की कि पाकिस्तान की इस नापाक हरकत का सख्त जवाब दिया जाए। उन्होंने कहा कि देश अब चुप नहीं बैठेगा- आतंक के सरगनाओं को उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है, और इस खतरे से निपटने के लिए देशवासियों को एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी संवेदनाएं शहीदों और उनके परिवारों के साथ हैं। इस दर्दनाक घटना ने पूरे देश को आक्रोश और शोक से भर दिया है।

